# मिशन शिक्षण संवाद

# बोधमाला

## अतिउपयोगी सामान्य ज्ञान के 1000 प्रश्नों का अनुपम संकलन






**निर्माण एवं संकलन**

अजय सिंह, स.अ.
प्रा.वि. गजोधरपुर
वि.ख.- सिधौली
जनपद- सीतापुर {उ.प्र.}



**निर्माण एवं संकलन**

नीलम कुमारी, प्र.अ.
प्रा.वि. मिश्रापुर
वि.ख.- खैराबाद
जनपद- सीतापुर {उ.प्र.}



**मुख्य सहयोगी:-**

ओमकार पाण्डेय (स.अ.) उच्च प्राथमिक विद्यालय किरतापुर वि.क्षे.- सकरन, जनपद - सीतापुर

**रूपरेखांकन:-**

ज्ञान प्रकाश, प्र.अ. प्रा.वि. जैतपुर- फफूंद, वि.ख.- भाग्यनगर, जनपद- औरैया

# अपनी बात

बच्चे राष्ट्र के भावी कर्णधार हैं। भविष्य में इस गुरुतर दायित्व का बखूबी निर्वहन कर सकें, इसके लिए आवश्यक है शिक्षा। और शिक्षा भी ऐसी जो कि बोझिल न हो बल्कि उसमें आनन्द हो अर्थात् शिक्षा आनन्द का सागर हो, जिसमें बच्चे बालमन के अनुरूप गोते लगाकर ज्ञान, बौद्धिकता व कर्तव्य के मोती खोज लाएँ, जिससे माँ भारती के मुकुट को सजाकर भारत माँ की उत्तम सन्तान बनकर गौरव की अनुभूति कर सकें और समूचा राष्ट्र भी गौरवान्वित हो सके। परन्तु इसमें मुख्य भूमिका हम शिक्षकों की है, जो कि न सिर्फ आज अपितु युग-युगांतर से रही है। हम शिक्षक बच्चों की जिज्ञासा, रुचि और बालमन को ध्यान में रखते हुए उत्साह व आनन्द के वातावरण का सृजन करें। बच्चों का मन जिज्ञासु होता है, वे देश-दुनिया के बारे में भी जानना चाहते हैं। उनके इस जिज्ञासु प्रवृत्ति व बालमन को प्रमुखता देते हुए विभिन्न प्रकरणों जैसे - परिवार, गाँव, विद्यालय, जिला, प्रदेश, देश व दुनिया की सामान्य जानकारी को एक जगह संकलित कर 1000 प्रश्नों का अनुपम संकलन तैयार कर प्रस्तुत किया जा रहा है। जिससे बच्चों को विभिन्न प्रकरणों की सामान्य जानकारी के लिए भटकना न पड़े।

आशा है कि यह संकलन छात्र, अभिभावक, शिक्षक के साथ-साथ सम्पूर्ण समाज के लिए भी उपयोगी व ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा। अंत में टीम मिशन शिक्षण संवाद, हम सबके आदरणीय विमल सर, सम्मानित साथियों, अभिभावकों, बच्चों व समाज के जन-जन का हृदय से आभार !

आप सभी की प्रेरणा से ही यह ज्ञान रूपी पुष्प गुच्छ बोधमाला (सामान्य ज्ञान संकलन) तैयार कर आप सभी के मध्य प्रस्तुत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ |

धन्यवाद !

अजय सिंह, स.अ.
प्रा.वि. गजोधरपुर
वि.ख.- सिधौली
जनपद- सीतापुर {उ.प्र.}

नीलम कुमारी, प्र.अ.
प्रा.वि. मिश्रापुर
वि.ख.- खैराबाद
जनपद- सीतापुर {उ.प्र.}

मिशन शिक्षण संवाद

# सूची

## खण्ड -1

प्रकरण– परिचय
प्रश्नों की संख्या –50
उपप्रकरण- स्वयं, ग्राम,विद्यालय, ब्लॉक, तहसील व जनपद की सामान्य जानकारी।

## खण्ड–2

प्रकरण- उत्तर प्रदेश
प्रश्नों की संख्या– 100
उपप्रकरण- नाम, क्षेत्रफल, सबसे बड़ा,सबसे छोटा, जिले, राजचिह्न लोकसभा,राज्यसभा, विधानसभा की सीटें,नदियों के किनारे स्थित शहर व अन्य सामान्य जानकारी।

## खण्ड–3

प्रकरण- भारत
प्रश्नों की संख्या- 100
उपप्रकरण– नाम, राज्य, राष्ट्रीय चिह्न, प्राकृतिक भाग, भारत में प्रथम, बड़ा, छोटा, महत्वपूर्ण पदों पर आसीन महानुभाव व अन्य सामान्य जानकारी।

## खण्ड –4

प्रकरण- पारम्परिक सामान्यज्ञान
प्रश्नों की संख्या-400
उपप्रकरण-महत्वपूर्ण तिथियाँ, जयंती, उपनाम, नारे, नदियाँ, महासागर, महाद्वीप, पर्वत, पठार, चोटियाँ, रेड डेटा बुक, फसलें, लोकनृत्य, प्राकृतिक आपदाएं, पुरस्कार, संघीय शासन , खेल खिलाड़ी, योग आदि।

## खण्ड–5

प्रकरण- सामान्य विज्ञान
प्रश्नों की संख्या-125
उपप्रकरण- खोज, पोषक तत्व, रक्तवर्ग, अंगतन्त्र, प्रकाश संश्लेषण, पौधों के भाग, जीवाणु, विषाणु से होने वाले रोग, विभिन्न अंग तंत्र।

## खण्ड–6

प्रकरण–सामान्य गणित
प्रश्नों की संख्या -100
उपप्रकरण– प्राकृतिक, पूर्ण, पूर्णांक,सम, विषम, भाज्य, अभाज्य, सह अभाज्य, अपवर्त्य, अपवर्तक, ल.स., म.स., भिन्न, समय, प्रतिशत, कैलेन्डर, कोण, त्रिभुज, वर्ग, आयत, घन, घनाभ।

## खण्ड– 7

प्रकरण- सामान्य हिंदी
प्रश्नों की संख्या- 100
उपप्रकरण- स्वर, व्यंजन, संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, लिंग, वचन, वर्तनी, रचनाएँ, कवि, कथन आदि।

## खण्ड – 8

प्रश्नों की संख्या- 25
प्रकरण- महत्वपूर्ण संक्षिप्त शब्दों के पूर्ण रूप, महत्वपूर्ण पुस्तकों के लेखक।

# खण्ड 1, स्वयं, परिवार, विद्यालय, ग्राम, ब्लॉक, तहसील व जनपद की सामान्य जानकारी :- ( प्रश्नों की संख्या 50 )

**प्रश्न 1- आपका क्या नाम है?** **उत्तर-** श्रीमान् जी मेरा नाम--------है।

**प्रश्न 2- आप कितने वर्ष के हैं?** **उत्तर-** श्रीमान् जी मैं---वर्ष का हूँ।

**प्रश्न 3- आप कौन सा खेल खेलना सबसे ज्यादा पसन्द करते हैं?**

**उत्तर-** श्रीमान् जी मुझे ------ खेल खेलना सबसे ज्यादा पसंद है।

**प्रश्न 4- आप शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत क्या बनना चाहते हैं?** **उत्तर**--------------------

**प्रश्न 5- क्या आप नियमित व्यायाम और स्वाध्याय करते हैं?** **उत्तर**------------

**प्रश्न 6- आपके पिता जी का क्या नाम है?** **उत्तर-** श्री-----------------------

**प्रश्न 7- आपके पिता जी क्या हैं?** **उत्तर**------------------------

**प्रश्न 8- आपकी माता जी का क्या नाम है?** **उत्तर-** श्रीमती-----------------

**प्रश्न 9- आपकी माता जी क्या हैं?** **उत्तर**-------------------------

**प्रश्न 10- आपके कितने भाई और कितनी बहन हैं?** **उत्तर**----------भाई और-------- हैं।

**प्रश्न 11- आपके परिवार में कुल कितने सदस्य हैं?** **उत्तर**------------------

**प्रश्न 12- आपका परिवार संयुक्त परिवार है या एकल परिवार।** **उत्तर**-------------------------

**प्रश्न 13- क्या आप अपने परिवार व अन्य सभी बड़े लोगों का सम्मान करते हैं?** **उत्तर**---------------------

**प्रश्न 14- आपके विद्यालय का क्या नाम है ?** **उत्तर**----------------------------

**प्रश्न 15- आपका विद्यालय आपके घर से कितनी दूरी पर है?** **उत्तर**---------------------------

**प्रश्न 16- अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रधानाध्यापिका का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री / श्रीमती------------------

**प्रश्न 17- अपने कक्षाध्यापक / कक्षाध्यापिका का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री / श्रीमती------------------

**प्रश्न 18- आपके विद्यालय में कुल कितने बच्चे पढ़ते हैं?** **उत्तर**----------------------------

**प्रश्न 19- आपके विद्यालय में कुल कितने शिक्षण कक्ष हैं?** **उत्तर**-------------------------

**प्रश्न 20- आपके विद्यालय के पुस्तकालय में कुल कितनी किताबें हैं?** **उत्तर**-------------------------

**प्रश्न 21- आपके विद्यालय में कौन-कौन से खेल खेलने का अवसर दिया जाता है?** **उत्तर**--------------------------

**प्रश्न 22- आपके विद्यालय में कराई जाने वाली दो रोचक गतिविधियों के नाम बताइए।**

**उत्तर-** 1--------------------2-------------

**प्रश्न 23- क्या विद्यालय में लगे पेड़-पौधों की देखभाल सभी बच्चों को करनी चाहिए।** **उत्तर**--------------------

**प्रश्न 24- अपने विद्यालय प्रबंध समिति(एस. एम. सी.) के अध्यक्ष का नाम बताइए।** **उत्तर**-------------------------

**प्रश्न 25- आपके विद्यालय में कितनी रसोइया कार्यरत हैं?** **उत्तर**---------------------------

**प्रश्न 26- आपके विद्यालय में कुल कितने शिक्षक / शिक्षिका हैं?** **उत्तर**--------------------

**प्रश्न 27- आपके गाँव / नगर का क्या नाम है?** **उत्तर**---------------------------

**प्रश्न 28- आपके गाँव के ग्राम प्रधान जी का क्या नाम है?** **उत्तर-** श्री / श्रीमती-------------------

**प्रश्न 29- आपके ग्रामसभा / ग्रामपंचायत की कुल जनसंख्या कितनी है?** **उत्तर**------------------

**प्रश्न 30- आपका गाँव किस न्याय पंचायत के अंतर्गत आता है?** **उत्तर**----------------------------

**प्रश्न 31- आपके विकास-क्षेत्र (ब्लॉक) का क्या नाम है?** **उत्तर**-----------------------------

**प्रश्न 32- अपने ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख जी का नाम बताइए।** **उत्तर**-------------------------

**प्रश्न 33- आपके विकास क्षेत्र (ब्लॉक) के खण्ड विकास अधिकारी (B.D.O.) का क्या नाम है?**

**उत्तर-** श्री / श्रीमती------------------

**प्रश्न 34- आपके ब्लॉक में कुल कितनी ग्रामसभा/ग्रामपंचायतें हैं?** **उत्तर**--------------------------

**प्रश्न 35- आपके ब्लॉक के खण्ड शिक्षा अधिकारी का क्या नाम है?** **उत्तर**----------------------------

**प्रश्न 36- आपकी तहसील का क्या नाम है।** **उत्तर**-----------------------------

**प्रश्न 37- आपकी तहसील के उप जिलाधिकारी का क्या नाम है?** **उत्तर-** श्री / श्रीमती-----------------

**प्रश्न 38- आपके जनपद (जिला) का क्या नाम है?** **उत्तर**-----------------------------

**प्रश्न 39- अपने जनपद के जिलाधिकारी का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री / श्रीमती------------------

**प्रश्न 40- आपके जिले में कितनी तहसीलें हैं?सभी तहसीलों के नाम बताइए।**

**उत्तर-**_______________________________________________________

**प्रश्न 41- आपके जिले में कितने ब्लॉक हैं?सभी ब्लॉकों के नाम लिखिए।**

**उत्तर-**____________________________________________________

____________________________________________________

____________________________________________________

**प्रश्न 42- आपके जिले के पुलिस अधीक्षक (एस. पी.) का क्या नाम है?**

**उत्तर-** श्री / श्रीमती----------------

**प्रश्न 43- आपके जिले के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का क्या नाम है?**

**उत्तर-** श्री / श्रीमती-----------------

**प्रश्न 44- आपके जिले में कितने विधानसभा क्षेत्र हैं? सभी के नाम लिखिए।**

**उत्तर-**__________________________________________

__________________________________________

**प्रश्न 45- अपने जिले की सभी विधानसभाओं के विधायकों के नाम बताइए।**

**उत्तर-**_______________________________________________

_______________________________________________

**प्रश्न 46- आपके जिले में कितने संसदीय क्षेत्र आते हैं।नाम लिखिए तथा सम्बन्धित संसदीय क्षेत्र के सांसद (एम.पी.) का नाम भी लिखिए।**

**उत्तर-**___________________________________

___________________________________

**प्रश्न 47- आपके जनपद की कुल जनसंख्या कितनी है?** **उत्तर**----------------------------

**प्रश्न 48- आपके जनपद की साक्षरता दर कितनी है?** **उत्तर**-----------------------------

**प्रश्न 49- आपका जनपद किस मण्डल के अंतर्गत आता है?** **उत्तर**-------------------------

**प्रश्न 50- अपने जिले की सीमा से जुड़े सभी जिलों के नाम बताइए।** **उत्तर**------------------------------

## खण्ड 2, उत्तर प्रदेश की सामान्य जानकारी

**(प्रश्नों की संख्या -100)**

**प्रश्न 1- आप किस प्रदेश / राज्य में रहते हैं?** **उत्तर-** उत्तरप्रदेश में।

**प्रश्न 2- उत्तरप्रदेश का स्थापना दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 24 जनवरी को।

**प्रश्न 3- 'उत्तर प्रदेश' नाम के पहले इस प्रदेश को किस नाम से जानते थे?** **उत्तर-** संयुक्त प्रान्त नाम से।

**प्रश्न 4- उत्तर प्रदेश में कितने जिले हैं?** **उत्तर-** 75 जिले।

**प्रश्न 5- उत्तर प्रदेश में कितने मण्डल हैं?** **उत्तर-** 18 मण्डल।

**प्रश्न 6- उत्तरप्रदेश में कुल कितनी तहसीलें हैं?** **उत्तर-** 340 तहसीलें।

**प्रश्न 7-उत्तर प्रदेश में लोक सभा की कितनी सीटें हैं?** **उत्तर-** 80 सीटें।

**प्रश्न 8- उत्तर प्रदेश में राज्य सभा की कितनी सीटें हैं?** **उत्तर-** 31 सीटें।

**प्रश्न 9- उत्तर प्रदेश में विधान सभा की कुल कितनी सीटें हैं?** **उत्तर-** 404 सीटें (403+1)।

**प्रश्न 10- उत्तर प्रदेश में विधानपरिषद की कितनी सीटें हैं?** **उत्तर-** 100 सीटें (99+1)।

**प्रश्न 11- उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय का क्या नाम है ?** **उत्तर-** श्री योगी आदित्यनाथ।

**प्रश्न 12- उत्तरप्रदेश की राज्यपाल महोदया का क्या नाम है?** **उत्तर-** श्रीमती आनन्दी बेन पटेल।

**प्रश्न 13- उत्तर प्रदेश के द्वय उपमुख्यमंत्रियों के नाम बताइये।**
**उत्तर-**श्री केशव चन्द्र मौर्य, डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा।

**प्रश्न 14- उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री का नाम बताओ।** **उत्तर-** डॉक्टर सतीश चन्द्र द्विवेदी।

**प्रश्न 15- उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष का क्या नाम है?** **उत्तर-** श्री हृदय नारायण दीक्षित।

**प्रश्न 16- उत्तर प्रदेश का राजकीय चिन्ह क्या है?**
**उत्तर-** एक वृत्त में ऊपर तीरकमान बीच में बहती गंगा - यमुना नदियाँ, दाएँ-बाएँ दो मछलियाँ।

**प्रश्न 17- उत्तर प्रदेश का राज्य** चिह्न **कब स्वीकृत किया गया?** **उत्तर-** सन 1938 में।

**प्रश्न 18- हमारे प्रदेश का राजकीय पशु क्या है?** **उत्तर-** बारहसिंगा।

**प्रश्न 19- उत्तर प्रदेश का राजकीय पक्षी क्या है?** **उत्तर-** सारस।

**प्रश्न 20- उत्तर प्रदेश की राज्य मछली क्या है?** **उत्तर-** चीतल।

**प्रश्न 21- उत्तर प्रदेश का राजकीय वृक्ष क्या है?** **उत्तर-** अशोक।

**प्रश्न 22- उत्तर प्रदेश का राजकीय पुष्प क्या है?** **उत्तर-** पलाश (टेशू)।

**प्रश्न 23-उत्तर प्रदेश का राजकीय खेल क्या है?** **उत्तर-** हॉकी।

**प्रश्न 24- उत्तर प्रदेश राज्य से पृथक कर उत्तरांचल (अब उत्तराखण्ड) राज्य कब बनाया गया?**
**उत्तर-** 9 नवंबर 2000।

**प्रश्न 25- उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला जिला कौन सा है।** **उत्तर-** लखीमपुर खीरी।

**प्रश्न 26- उत्तरप्रदेश का न्यूनतम क्षेत्रफल वाला जिला कौन सा है?** **उत्तर-** संतरविदास नगर।

**प्रश्न 27- उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला कौन सा है?** **उत्तर-** प्रयागराज।

**प्रश्न 28- उत्तरप्रदेश का सबसे कम जनसंख्या वाला जिला कौन सा है?** **उत्तर-** महोबा।

**प्रश्न 29- उत्तर प्रदेश की साक्षरता दर कितनी है?** **उत्तर-** 67.7%।

**प्रश्न 30- उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला कौन सा है?** **उत्तर-** गौतमबुद्ध नगर (80.1%)।

**प्रश्न 31- उत्तरप्रदेश का न्यूनतम साक्षरता वाला जिला कौन सा है?** **उत्तर-** श्रावस्ती (46.7%)।

**प्रश्न 32- उत्तर प्रदेश के प्रथम राज्यपाल कौन थे?** **उत्तर-** होरमसजी मोदी।

**प्रश्न 33- उत्तरप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे?** **उत्तर-** पण्डित गोविंद बल्लभ पंत।

**प्रश्न 34- उत्तर प्रदेश का उच्च न्यायालय कहाँ है?** **उत्तर-** प्रयागराज।

**प्रश्न 35- गोरखनाथ मन्दिर कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** गोरखपुर।

**प्रश्न36- उत्तरप्रदेश का सबसे पूर्वी जिला कौन सा है?** **उत्तर-** बलिया जिला।

**प्रश्न 37- उत्तर प्रदेश का सबसे पश्चिमी जिला कौन सा है?** **उत्तर-** शामली जिला।

**प्रश्न 38- उत्तर प्रदेश का सबसे उत्तरी जिला कौन सा है?** **उत्तर-** सहारनपुर जिला।

**प्रश्न 39- उत्तरप्रदेश का सबसे दक्षिणी जिला कौन सा है?** **उत्तर-** सोनभद्र जिला।

**प्रश्न 40- उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला जिला लखीमपुर का क्षेत्रफल कितना है?**
**उत्तर-** 7680 वर्ग किलोमीटर।

**प्रश्न 41- 'पेठा' किस जिले का प्रसिद्ध है?** **उत्तर-** आगरा का।

**प्रश्न 42- पेड़ा कहाँ का प्रसिद्ध है?** **उत्तर-** मथुरा का।

**प्रश्न 43- वर्तमान रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश के किस संसदीय क्षेत्र से सांसद हैं?** **उत्तर-** लखनऊ।

**प्रश्न 44- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री बनने के पूर्व किस संसदीय क्षेत्र से सांसद थे?** **उत्तर-** गोरखपुर।

**प्रश्न 45- उत्तर प्रदेश की प्रमुख बोलियाँ कौन - कौन सी हैं?**
**उत्तर-** बृज, भोजपुरी, बुंदेली, अवधी, खड़ी बोली, पंचाली आदि।

**प्रश्न 46- उत्तर प्रदेश के प्रमुख लोक गीतों के नाम बताइए।** **उत्तर-** बिरहा, कजरी, आल्हा, रसिया।

**प्रश्न 47- उत्तर प्रदेश के प्रमुख लोकनृत्य कौन- कौन से हैं?** **उत्तर-** नौटंकी, रासलीला।

**प्रश्न 48- उत्तर प्रदेश में कुम्भ मेला कहाँ लगता है?** **उत्तर-** प्रयागराज में।

**प्रश्न 49- उत्तर प्रदेश में देवाशरीफ़ का मेला कहाँ लगता है?** **उत्तर-** बाराबंकी में।

**प्रश्न 50- उत्तर प्रदेश में नैमिषारण्य धाम किस जिले में स्थित है?** **उत्तर-** जनपद सीतापुर में।

**प्रश्न 51- उत्तर प्रदेश का एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान का नाम बताइए।** **उत्तर-** दुधवा राष्ट्रीय उद्यान।

**प्रश्न 52- दुधवा राष्ट्रीय उद्यान उत्तर प्रदेश के किस जनपद में स्थित है?** **उत्तर-** लखीमपुर खीरी में।

**प्रश्न 53- उत्तर प्रदेश कितने प्राकृतिक भागों में विभाजित है?**
**उत्तर-** 3 भागों में 1- भाबर एवं तराई का प्रदेश, 2- गंगा-यमुना का मैदान, 3-दक्षिण का पठारी भाग।

**प्रश्न 54- उत्तर प्रदेश कितने राज्य की सीमाओं से घिरा है?**
**उत्तर-** नौ (9) राज्य की सीमाओं से (8 प्रदेश और 1 केंद्र शासित क्षेत्र दिल्ली)।

**प्रश्न 56- उत्तर प्रदेश के उत्तर में कौन - कौन से प्रदेश, प्रदेश की सीमा को छूते हैं?**
**उत्तर-** उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश।

**प्रश्न 57- उत्तर प्रदेश के पश्चिम में कौन - कौन से प्रदेश, प्रदेश की सीमा को छूते हैं?**
**उत्तर-** हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान।

**प्रश्न 58- उत्तर प्रदेश के दक्षिण में कौन-कौन से प्रदेश, प्रदेश की सीमा को छूते हैं?**
**उत्तर-** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़।

**प्रश्न 59- उत्तर प्रदेश के पूर्व में कौन-कौन से प्रदेश,प्रदेश की सीमा को छूते हैं?** **उत्तर-** बिहार, झारखण्ड।

**प्रश्न 60- उत्तर प्रदेश एक मात्र देश के साथ भी सीमा बनाता है,उस देश का नाम बताइए।** **उत्तर-** नेपाल।

**प्रश्न 61- उत्तर प्रदेश की प्रथम राजकीय भाषा कौन सी है?** **उत्तर-** 'हिन्दी'।

**प्रश्न 62- उत्तर प्रदेश की द्वितीय राजकीय भाषा कौन सी है?** **उत्तर-** 'उर्दू'।

**प्रश्न 63- 'ताजमहल' उत्तर प्रदेश के किस जिलें में स्थित है?** **उत्तर-** आगरा जिले में।

**प्रश्न 64- वृंदावन मंदिर उत्तरप्रदेश के किस जिले में स्थित है?** **उत्तर-** मथुरा जिले में।

**प्रश्न 65- विंध्यवासिनी मन्दिर उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है?** **उत्तर-** मिर्जापुर जिले में।

**प्रश्न 66- गोलागोकर्ण नाथ मंदिर कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** लखीमपुर खीरी जिले में।

**प्रश्न 67- उत्तर प्रदेश का विधानसभा भवन किस जिले में स्थित है?** **उत्तर-** लखनऊ।

**प्रश्न 68- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार कौन सा है?** **उत्तर-** यश भारती पुरस्कार।

मिशन शिक्षण संवाद

**प्रश्न 69- यश भारती पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?**

**उत्तर-** साहित्य, समाजसेवा, चिकित्सा, फिल्म, विज्ञान, पत्रकारिता, शिक्षण, संगीत, नाटक, खेल, उद्योग आदि।

**प्रश्न 70- जरी और चिकन उद्योग के लिए उत्तर प्रदेश का कौन सा शहर प्रसिद्ध है?** **उत्तर-** लखनऊ, वाराणसी।

**प्रश्न 71- काँच - चूड़ी उद्योग के लिए कौन सा शहर प्रसिद्ध है?** **उत्तर-** फिरोजाबाद।

**प्रश्न 72- पीतल उद्योग के लिए कौन सा शहर प्रसिद्ध है?** **उत्तर-** मुरादाबाद।

**प्रश्न 73- तेल शोधक कारखाना कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** मथुरा।

**प्रश्न 74- गुड़ उद्योग के लिए कौन से जिले प्रसिद्ध हैं?** **उत्तर-** सीतापुर, बरेली, मेरठ।

**प्रश्न 75- ताला उद्योग के लिए कौन सा जिला प्रसिद्ध है?** **उत्तर-** अलीगढ़।

**प्रश्न 76- चमड़ा उद्योग के लिए कौन सा शहर प्रसिद्ध है?** **उत्तर-** कानपुर, आगरा।

**प्रश्न 77- 'इत्र' के लिए कौन सा शहर प्रसिद्ध है?** **उत्तर-** कन्नौज।

**प्रश्न 78- उत्तरप्रदेश की न्यायिक राजधानी कहाँ है?** **उत्तर-** प्रयागराज।

**प्रश्न 79- उत्तरप्रदेश का सबसे बड़ा नगर कौन सा है?** **उत्तर-** कानपुर।

**प्रश्न 80- भारतीय कला भवन कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** वाराणसी।

**प्रश्न 81- उत्तरप्रदेश में आँवले का सर्वाधिक उत्पादन कहाँ होता है?** **उत्तर-** प्रतापगढ़।

**प्रश्न 82- उत्तरप्रदेश का प्रथम दिव्यांग विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित किया गया है?** **उत्तर-** चित्रकूट।

**प्रश्न 83- उत्तर प्रदेश में बहने वाली प्रमुख नदियाँ कौन-कौन सी हैं?**

**उत्तर-** गंगा, यमुना, बेतवा, केन, चंबल, घाघरा, गोमती, सोन।

**प्रश्न 84- आगरा शहर किस नदी के किनारे स्थित है?** **उत्तर-** यमुना नदी के किनारे।

**प्रश्न 85- लखनऊ शहर किस नदी के किनारे स्थित है?** **उत्तर-** गोमती नदी के किनारे।

**प्रश्न 86- अयोध्या शहर किस नदी के किनारे स्थित है?** **उत्तर-** सरयू नदी के किनारे।

**प्रश्न 87- कानपुर शहर किस नदी के किनारे स्थित है?** **उत्तर-** गंगा नदी के किनारे।

**प्रश्न 88- गोरखपुर शहर किस नदी के किनारे स्थित है?** **उत्तर-** राप्ती नदी के किनारे।

**प्रश्न 89- मथुरा शहर किस नदी के किनारे स्थित है?** **उत्तर-** यमुना नदी के किनारे।

**प्रश्न 90- वाराणसी शहर किस नदी के किनारे स्थित है?** **उत्तर-** गंगा नदी के किनारे।

**प्रश्न 91- बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, रूमी दरवाजा, कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** लखनऊ में।

**प्रश्न 92- ग्रीन पार्क स्टेडियम कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** कानपुर में।

**प्रश्न 93- के. डी. सिंह बाबू स्टेडियम कहाँ है?** **उत्तर-** लखनऊ में।

**प्रश्न 94- उत्तर प्रदेश के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष का नाम बताइए।** **उत्तर-** राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन।

**प्रश्न 95- उत्तरप्रदेश की प्रथम विधान सभा का गठन कब हुआ?** **उत्तर-** 8 मार्च 1952।

**प्रश्न 96- उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला मुख्यमंत्री का क्या नाम है?** **उत्तर-** सुचेता कृपलानी।

**प्रश्न 97- भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रमोदी उत्तर प्रदेश के किस संसदीय क्षेत्र से सांसद हैं?** **उत्तर-** वाराणसी।

**प्रश्न 98- जनसंख्या की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन सा है?** **उत्तर-** उत्तरप्रदेश।

**प्रश्न 99- क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में उत्तरप्रदेश का कौन सा स्थान है?** **उत्तर-** चौथा स्थान।

**प्रश्न 100- नेपाल से उत्तर प्रदेश के कितने जिले सीमा बनाते हैं?**

**उत्तर-** ***7 जिले:-*** महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर, पीलीभीत।

# खण्ड 3, भारत की सामान्य जानकारी

**(प्रश्नों की संख्या -100)**

**प्रश्न1- हमारे देश का क्या नाम है?** **उत्तर-** भारत।

**प्रश्न 2- हमारे देश में कितने प्रदेश (राज्य) हैं?** **उत्तर-** 28 प्रदेश।

**प्रश्न 3- हमारे देश में कितने केंद्र शासित प्रदेश (क्षेत्र) हैं?** **उत्तर-** 8 केंद्र शासित प्रदेश (क्षेत्र) हैं।

**प्रश्न 4- क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के सबसे बड़े राज्य का नाम बताइए।** **उत्तर-** राजस्थान।

**प्रश्न 5- क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के सबसे छोटे राज्य का नाम बताइए।** **उत्तर-** गोवा।

**प्रश्न 6- जनसंख्या की दृष्टि से भारत के सबसे बड़े राज्य का नाम बताइए।** **उत्तर-** उत्तरप्रदेश।

**प्रश्न 7- जनसंख्या की दृष्टि से भारत के सबसे छोटे राज्य का नाम बताइए।** **उत्तर-** सिक्किम।

**प्रश्न 8- भारत का एक मात्र प्रदेश जहाँ महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है, उसका नाम बताइए।**
**उत्तर-** केरल।

**प्रश्न 9- दो केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव का विलय कर एक केंद्र शासित प्रदेश कब बनाया गया?** **उत्तर-** 26 जनवरी 2020

**प्रश्न 10- भारत की वो कौन सी दो नदियाँ हैं जो कि पश्चिम की ओर बहती हैं? जबकि शेष सभी नदियाँ पूर्व की ओर बहती हैं।** **उत्तर-** नर्मदा और ताप्ती।

**प्रश्न 11- सारनाथ स्थित अशोक स्तम्भ का शीर्ष भारत के राजचिन्ह के रूप में कब स्वीकार किया गया?**
**उत्तर-** 26 जनवरी 1950 को।

**प्रश्न 12- जन-गण-मन भारत के राष्ट्रगान के रूप में कब स्वीकृत किया गया?** **उत्तर-** 24 जनवरी 1950 को।

**प्रश्न 13- भारत का क्षेत्रफल कितना है?** **उत्तर-** 32,87,263 वर्ग किलोमीटर।

**प्रश्न 14- क्षेत्र फल की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन सा स्थान है?** **उत्तर-** सातवाँ स्थान।

**प्रश्न 15- भारत के उत्तर में कौन से देश सीमा बनाते हैं?** **उत्तर-** चीन, नेपाल, भूटान।

**प्रश्न 16- भारत के पूर्व में कौन से देश सीमा बनाते हैं?** **उत्तर-** म्यांमार, बांग्लादेश।

**प्रश्न 17- भारत के पश्चिम में कौन से देश सीमा बनाते हैं?** **उत्तर-** पाकिस्तान, अफगानिस्तान।

**प्रश्न 18- भारत के दक्षिण में क्या है?** **उत्तर-** हिन्द महासागर, बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर।

**प्रश्न 19- भारत को कितने प्राकृतिक भागों में बाँट सकते हैं?**
**उत्तर-** 5 भागों में,
1-उत्तर में हिमालय, 2- उत्तर का विशाल मैदान, 3-दक्षिण का प्रायद्वीपीय पठार, 4-समुद्र तटीय मैदान,
5-थार का मरुस्थल

**प्रश्न 20- भारत की स्थलीय सीमा की लंबाई कुल कितनी है?** **उत्तर-** 15,200 किलोमीटर।

**प्रश्न 21- भारत में कुल कितने द्वीप हैं?** **उत्तर-** 247 बंगाल की खाड़ी में-204, अरब सागर में- 43

**प्रश्न 22- भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी का नाम बताइए।** **उत्तर-** गॉडविन आस्टिन ( K 2)।

**प्रश्न 23- भारत की सबसे ऊँची चोटी गॉडविन ऑस्टिन की ऊँचाई कितनी है?** **उत्तर-** 8611 मीटर।

**प्रश्न 24- भारत की जनसंख्या कितनी है? (2011 कि जनगणना के अनुसार)** **उत्तर-** 1,21,01,93,422

**प्रश्न 25- भारत में जनसंख्या घनत्व कितना है?** **उत्तर-** 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर।

**प्रश्न 26- जनसंख्या के आधार पर विश्व में भारत का कौन सा स्थान है?** **उत्तर-** दूसरा।

**प्रश्न 27- भारत में साक्षरता कितने प्रतिशत है?** **उत्तर-** 74.04%।

**प्रश्न 28- भारत में सर्वाधिक नगरों वाले प्रदेश का नाम बताइए।** **उत्तर-** उत्तर प्रदेश।

**प्रश्न 29- भारत में सर्वाधिक लम्बे समुद्र तट वाले राज्य का नाम बताइए।** **उत्तर-** गुजरात (1074 किलोमीटर)।

**प्रश्न 30-भारत का सर्वाधिक साक्षरता वाला राज्य कौन सा है?** **उत्तर-** केरल।

**प्रश्न 31-भारत का सबसे कम साक्षरता वाला राज्य कौन सा है?** **उत्तर-** बिहार (47%)।

**प्रश्न 32- भारत की सबसे लंबी नहर का नाम बताइए।** **उत्तर-** इंदिरागांधी नहर या राजस्थान नहर।

**प्रश्न 33- भारत में सबसे ऊँचा दरवाजा कौन सा है?** **उत्तर-** बुलन्द दरवाजा।

**प्रश्न 34- बुलन्द दरवाजा कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** फतेहपुर सीकरी (आगरा)।

**प्रश्न 35- भारत में सर्वाधिक वर्षा कहाँ होती है?** **उत्तर-** मासिनराम (मेघालय) में।

**प्रश्न 36- भारत में सबसे कम वर्षा कहाँ होती है?** **उत्तर-** लेह में।

**प्रश्न 37- भारत का सबसे बड़ा सूर्य मंदिर (कोणार्क सूर्य मंदिर) कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** पुरी, उड़ीसा में।

**प्रश्न 38- भारत का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान कौन सा है?** **उत्तर-** भारत रत्न।

**प्रश्न 39- भारत का सर्वोच्च शौर्य सम्मान कौन सा है?** **उत्तर-** परमवीर चक्र।

**प्रश्न 40- भारत के किस राज्य की सीमाएं सबसे अधिक राज्यों से लगती हैं?** **उत्तर-** उत्तर प्रदेश।

**प्रश्न 41- भारत की सबसे ऊँची झील का नाम बताइए।** **उत्तर-** देवताल झील (गढ़वाल)।

**प्रश्न 42- भारत के सबसे बड़े रेगिस्तान का नाम बताइए।** **उत्तर-** थार का रेगिस्तान (राजस्थान)।

**प्रश्न 43- भारत की सबसे बड़ी आवासीय इमारत का नाम बताइए।** **उत्तर-** राष्ट्रपति भवन (दिल्ली)।

**प्रश्न 44- भारत के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?** **उत्तर-** डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद।

**प्रश्न 45- भारत के प्रथम प्रधानमंत्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** पण्डित जवाहरलाल नेहरू।

**प्रश्न 46- भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति का नाम बताइए।** **उत्तर-** डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन।

**प्रश्न 47- भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** राकेश शर्मा।

**प्रश्न 48- भारत के प्रथम लोकसभा अध्यक्ष कौन थे?** **उत्तर-** जी. वी. मावलंकर।

**प्रश्न 49- भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थे?** **उत्तर-** सुकुमार सेन।

**प्रश्न 50- सर्वोच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश कौन थे?** **उत्तर-** न्यायमूर्ति हीरालाल जे कानिया।

**प्रश्न 51- भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री कौन थी?** **उत्तर-** इंदिरा गांधी।

**प्रश्न 52-भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति कौन थी?** **उत्तर-** प्रतिभा देवी सिंह पाटिल।

**प्रश्न 53- भारत की प्रथम महिला लोकसभा अध्यक्ष कौन थी?** **उत्तर-** मीरा कुमार |

**प्रश्न 54- भारत में बनने वाली प्रथम महिला राज्यपाल का नाम बताइए।** **उत्तर-** सरोजिनी नायडू (उत्तर प्रदेश)।

**प्रश्न 55- भारत में बनने वाली प्रथम महिला मुख्यमंत्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** सुचेता कृपलानी(उत्तर प्रदेश)।

**प्रश्न 56- सर्वोच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश का नाम बताइए।** **उत्तर-** मीरा साहिब फातिमा बीबी।

**प्रश्न 57- भारत रत्न से विभूषित होने वाली भारत की प्रथम महिला कौन थीं?** **उत्तर-** इंदिरा गांधी।

**प्रश्न 58- भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला पायलेट कौन थी?** **उत्तर-** हरिता कौर देओल।

**प्रश्न 59- हमारे देश के राष्ट्रीय ध्वज का नाम बताइए।** **उत्तर-** तिरंगा।

**प्रश्न 60- भारत का राष्ट्रीय** चिह्न **क्या है?** **उत्तर-** अशोक की लाट।

**प्रश्न 61- भारत का राष्ट्र गान क्या है?** **उत्तर-** जन-गण-मन।

**प्रश्न 62- हमारे देश का राष्ट्रीय गीत क्या है?** **उत्तर-** वन्दे मातरम्।

**प्रश्न 63- हमारे देश का राष्ट्रीय वाक्य क्या है?** **उत्तर-** सत्यमेव जयते।

**प्रश्न 64- हमारे देश की राष्ट्रीय भाषा क्या है?** **उत्तर-** हिंदी।

**प्रश्न 65- हमारे देश की राष्ट्रीय योजना क्या है?** **उत्तर-** पंचवर्षीय योजना।

**प्रश्न 66- भारत की राष्ट्रीय मुद्रा क्या है?** **उत्तर-** रुपया।

**प्रश्न 67- भारत की राष्ट्रीय नदी कौन सी है?** **उत्तर-** गंगा नदी।
**प्रश्न 68- भारत का राष्ट्रीय पुष्प क्या है?** **उत्तर-** कमल।
**प्रश्न 69- भारत का राष्ट्रीय फल क्या है?** **उत्तर-** आम।
**प्रश्न 70- भारत का राष्ट्रीय वृक्ष क्या है?** **उत्तर-** बरगद।
**प्रश्न 71- भारत की राष्ट्रीय मिठाई कौन सी है?** **उत्तर-** जलेबी।
**प्रश्न 72- भारत का राष्ट्रीय खेल क्या है?** **उत्तर-** हॉकी।
**प्रश्न 73- भारत के राष्ट्रीय पशु का नाम बताइए।** **उत्तर-** बाघ।
**प्रश्न 74- भारत के राष्ट्रीय पक्षी का नाम बताइए।** **उत्तर-** मोर।
**प्रश्न 75- भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव का नाम बताइए।** **उत्तर-** गंगा डॉल्फिन।
**प्रश्न 76- भारत का राष्ट्रीय नारा क्या है?** **उत्तर-** श्रमेव जयते।
**प्रश्न 77- भारत की राष्ट्रीयता क्या है?** **उत्तर-** भारतीय।
**प्रश्न 78- भारत के प्रधानमंत्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी।
**प्रश्न 79- भारत के राष्ट्रपति का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री रामनाथ कोविंद।
**प्रश्न 80- भारत के उपराष्ट्रपति का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री वेंकैया नायडू।
**प्रश्न 81- भारत के रक्षामंत्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री राजनाथ सिंह।
**प्रश्न 82- भारत के गृह मंत्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री अमित शाह।
**प्रश्न 83- भारत की वित्तमंत्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्रीमती निर्मला सीतारमण।
**प्रश्न 84- भारत के रेल मंत्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री पीयूष गोयल।
**प्रश्न 85- भारत के विदेश मंत्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री एस. जयशंकर।
**प्रश्न 86- भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री रमेश पोखरियाल निशंक।
**प्रश्न 87- भारत सरकार के सड़क एवं परिवहन मंत्री का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री नितिन गडकरी।
**प्रश्न 88- लोक सभा अध्यक्ष का नाम बताइए।** **उत्तर-** श्री ओम बिरला।
**प्रश्न 89- सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?** **उत्तर-** न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोबडे।
**प्रश्न 90- भारतीय सेना के नौ सेना अध्यक्ष कौन हैं?** **उत्तर-** एडमिरल करमबीर सिंह।
**प्रश्न 91- भारतीय सेना के थल सेना अध्यक्ष का नाम बताइए।** **उत्तर-** जनरल मुकुंद नरवाने।
**प्रश्न 92- भारतीय सेना के वायु सेनाध्यक्ष का नाम बताइए।** **उत्तर-** एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया।
**प्रश्न 93- भारत के वर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त कौन हैं?** **उत्तर-** श्री सुनील अरोड़ा।
**प्रश्न 94- भारत के प्रधानमंत्री को पद एवं गोपनीयता की शपथ कौन दिलाता है?** **उत्तर-** भारत के राष्ट्रपति।
**प्रश्न 95- किसी भी राज्य के राज्यपाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ कौन दिलाता है?**
**उत्तर-** सम्बन्धित राज्य के राज्यपाल।
**प्रश्न 96- राष्ट्रपति को पद एवं गोपनीयता की शपथ कौन दिलाता है?**
**उत्तर-** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश।
**प्रश्न 97- उपराष्ट्रपति को पद एवं गोपनीयता की शपथ कौन दिलाता है?** **उत्तर-** भारत के राष्ट्रपति।
**प्रश्न 98- संसद भवन कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** नई दिल्ली।
**प्रश्न 99- राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है?** **उत्तर-** भारत के उपराष्ट्रपति।
**प्रश्न 100- हमारे देश का सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** नई दिल्ली।

## खण्ड 4, पारम्परिक सामान्य ज्ञान (प्रश्नों की संख्या - 400)

**प्रश्न 1- राष्ट्रीय युवा दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-**12 जनवरी को।
**प्रश्न 2- राष्ट्रीय युवा दिवस किस महापुरुष की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है?**
**उत्तर-** स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में।
**प्रश्न 3- स्वामी विवेकानंद का कब जन्म कब हुआ?** **उत्तर-** 12 जनवरी सन् 1863 को।
**प्रश्न 4- नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती कब मनाई जाती है?** **उत्तर-** 23 जनवरी को।
**प्रश्न 5- नेता जी सुभाषचंद्र बोस का जन्म कब हुआ?** **उत्तर-** 23 जनवरी सन् 1897 को।
**प्रश्न 6- शहीद दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 30 जनवरी को।
**प्रश्न 7- राष्ट्रीय विज्ञान विज्ञान दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 28 फरवरी को।
**प्रश्न 8- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 8 मार्च को।
**प्रश्न 9- विश्व गौरैया दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 20 मार्च को।
**प्रश्न 10- विश्व वानिकी दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 21 मार्च को।
**प्रश्न 11- विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 22 मार्च को।
**प्रश्न 12- विश्व रंगमंच दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 27 मार्च को।
**प्रश्न 13- विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 7 अप्रैल को।
**प्रश्न 14- विश्व पृथ्वी दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 22 अप्रैल को।
**प्रश्न 15- अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 29 अप्रैल को।
**प्रश्न 16- विश्व श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 1 मई को।
**प्रश्न 17- विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 5 जून को।
**प्रश्न 18- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 21जून को।
**प्रश्न 19- विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 11जुलाई को।
**प्रश्न 20- राष्ट्रीय बालिका दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 11 अगस्त को।
**प्रश्न 21- राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 29 अगस्त को।
**प्रश्न 22- शिक्षक दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 5 सितम्बर को।
**प्रश्न 23- शिक्षक दिवस किसके जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है?**
**उत्तर-** डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में।
**प्रश्न 24- डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म कब हुआ?** **उत्तर-** 5 सितम्बर सन् 1888 को।
**प्रश्न 25- विश्व साक्षरता दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 8 सितम्बर को मनाया जाता है।
**प्रश्न 26- विश्व ओजोन दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 16 सितम्बर को।
**प्रश्न 27- विश्व पर्यटन दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 27 सितम्बर को।
**प्रश्न 28- गांधी जयंती कब मनाई जाती है?** **उत्तर-** 2 अक्टूबर को।
**प्रश्न 29- 2 अक्टूबर को किन दो महापुरुषों की जयंती मनाई जाती है?**
**उत्तर-**महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाती है।
**प्रश्न 30- महात्मा गांधी का जन्म कब हुआ?** **उत्तर-** 2 अक्टूबर सन् 1869 को।
**प्रश्न 31- लालबहादुर शास्त्री का जन्म कब हुआ?** **उत्तर-** 2 अक्टूबर सन् 1904 को।
**प्रश्न 32- अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 11 अक्टूबर को।
**प्रश्न 33- विश्व खाद्य दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 16 अक्टूबर को।

**प्रश्न 34- सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती कब मनाई जाती है?** **उत्तर-** 31 अक्टूबर को।
**प्रश्न 35- सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म कब हुआ?** **उत्तर-** 31 अक्टूबर सन् 1875 को।
**प्रश्न 36- राष्ट्रीय शिक्षा दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 11 नवंबर को।
**प्रश्न 37- बाल दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 14 नवंबर को।
**प्रश्न 38- बाल दिवस किसके जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है?**
**उत्तर-** बाल दिवस पण्डित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है।
**प्रश्न 39- पण्डित जवाहरलाल नेहरू का जन्म कब हुआ?** **उत्तर-** 14 नवंबर सन् 1889।
**प्रश्न 40- विश्व एड्स दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 1 दिसम्बर को।
**प्रश्न 41- विश्व दिव्यांग दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 3 दिसम्बर को।
**प्रश्न 42- मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 10 दिसम्बर को।
**प्रश्न 43- राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 24 दिसम्बर को।
**प्रश्न 44- क्रिसमस डे कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 25 दिसम्बर को।
**प्रश्न 45- राष्ट्रीय पर्व कौन - कौन से होते हैं?** **उत्तर-** स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, गांधी जयंती
**प्रश्न 46- भारत को आजादी कब मिली?** **उत्तर-** 15 अगस्त 1947 को।
**प्रश्न 47- भारतीय संविधान पूर्ण रूप से कब लागू किया गया?** **उत्तर-** 26 जनवरी 1950 को।
**प्रश्न 48- गणतंत्र दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?** **उत्तर-** 26 जनवरी को।
**प्रश्न 49- स्वतंत्रता दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?** **उत्तर-** 15 अगस्त को।
**प्रश्न 50- संविधान दिवस कब मनाया जाता है?** **उत्तर-** 26 नवंबर को।
**प्रश्न 51- भारतीय संविधान, संविधान सभा द्वारा कब पारित किया गया?** **उत्तर-** 26 नवंबर 1949 को।
**प्रश्न 52- भारतीय संविधान को पूर्ण रूप से बनने में कितना समय लगा?** **उत्तर-** 2 वर्ष, 11माह, 18 दिन।
**प्रश्न 53- संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष कौन थे?** **उत्तर-** डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद।
**प्रश्न 54- संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे?** **उत्तर-** डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर।
**प्रश्न 55- "इंकलाब जिंदाबाद" का नारा किसने दिया?** **उत्तर-** भगत सिंह ने।
**प्रश्न 56- "भारत छोड़ो" का नारा किसने दिया?** **उत्तर-** महात्मा गांधी ने।
**प्रश्न 57- " स्वतंत्रता मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा।" यह नारा किसने दिया?**
**उत्तर-** बाल गंगाधर तिलक ने।
**प्रश्न 58- "तुम मुझे खून दो ,मैं तुम्हे आजादी दूँगा।" यह नारा किसने दिया?** **उत्तर-** सुभाषचंद्र बोस ने।
**प्रश्न 59- " जय हिंद" का नारा किसने दिया?** **उत्तर-** सुभाषचन्द्र बोस ने।
**प्रश्न 60- "करो या मरो" का नारा किसने दिया ?** **उत्तर-** महात्मा गांधी ने।
**प्रश्न 61-"जय जवान,जय किसान" का नारा किसने दिया?** **उत्तर-** लालबहादुर शास्त्री ने।
**प्रश्न 62- "जय जवान,जय किसान, जय विज्ञान" का नारा किसने दिया?** **उत्तर-** अटल बिहारी बाजपेयी ने।
**प्रश्न 63- " वेदों की ओर लौटो" यह आवाहन किसके द्वारा किया गया?** **उत्तर-** दयानन्द सरस्वती के द्वारा।
**प्रश्न 64- " साइमन कमीशन वापस जाओ" का नारा किसने दिया?** **उत्तर-** लाला लाजपतराय ने।
**प्रश्न 65- " पूर्ण स्वराज्य" का नारा किसने दिया?** **उत्तर-** पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने।
**प्रश्न 66- " सरफ़रोसी की तमन्ना अब हमारे दिल में है।" यह किसका कथन है?** **उत्तर-** रामप्रसाद बिस्मिल का।
**प्रश्न 67- "विजयी विश्व तिरंगा प्यारा" गीत किसने लिखा?** **उत्तर-** श्यामलाल गुप्ता पार्षद ने।
**प्रश्न 68- राष्ट्रगीत " वंदे मातरम्" के रचयिता कौन हैं?** **उत्तर-** बंकिम चन्द्र चटर्जी।
**प्रश्न 69- राष्ट्रगान "जन-गण-मन " किसने लिखा?** **उत्तर-** रवींद्रनाथ टैगोर ने।

**प्रश्न 70- राष्ट्रगान को गाने में कितना समय लगना चाहिए?** **उत्तर-** 52 सेकंड।

**प्रश्न 71- 'लौहपुरुष' व 'भारत का बिस्मार्क' के उपनाम से किसे जाना जाता है?**

**उत्तर-** सरदार वल्लभभाई पटेल को।

**प्रश्न 72- 'चाचा' के उपनाम से किसे जानते हैं?** **उत्तर-** पण्डित जवाहरलाल नेहरू को।

**प्रश्न 73-' बापू' व 'राष्ट्रपिता' के उपनाम से किस महापुरुष को जानते हैं?** **उत्तर-** महात्मा गांधी को।

**प्रश्न 74- मदन मोहन मालवीय को किस उपनाम से जानते हैं?** **उत्तर-** 'महामना' उपनाम से।

**प्रश्न 75- सरोजिनी नायडू को किस उपनाम से जानते हैं?** **उत्तर-** 'भारत कोकिला' उपनाम से।

**प्रश्न 76- 'गुरुदेव' किसे कहा जाता है?** **उत्तर-** रविन्द्र नाथ टैगोर को।

**प्रश्न 77- 'लोकनायक' किसे कहा जाता है?** **उत्तर-** जयप्रकाश नारायण को।

**प्रश्न 78- 'नेता जी' के उपनाम से किसे जानते हैं?** **उत्तर-** सुभाषचंद्र बोस को।

**प्रश्न 79- ' पंजाब केसरी' किसे कहा जाता है?** **उत्तर-** लाला लाजपतराय को।

**प्रश्न 80- 'लोकमान्य' के उपनाम से किसे जानते हैं?** **उत्तर-** बाल गंगाधर तिलक को।

**प्रश्न 81- 'सीमांत गांधी' किसे कहा जाता है?** **उत्तर-** खान अब्दुल गफ्फार ख़ाँ को।

**प्रश्न 82- 'भारत का मिसाइल मैन' किसे कहते हैं?** **उत्तर-** डॉक्टर ए. पी. जे.अब्दुल कलाम को।

**प्रश्न 83- 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इण्डिया' के उपनाम से किसे जानते हैं?** **उत्तर-** दादा भाई नौरोजी।

**प्रश्न 84- 'हॉकी का जादूगर' किसे कहते हैं?** **उत्तर-** मेजर ध्यानचंद को।

**प्रश्न 85- 'उड़नपरी' किसे कहा जाता है?** **उत्तर-** पी. टी. ऊषा को।

**प्रश्न 86- 'फ्लाइंग सिख' के उपनाम से किसे जाना जाता है?** **उत्तर-** मिल्खा सिंह को।

**प्रश्न 87- 'मास्टर ब्लास्टर ' के उपनाम से किसे जानते हैं?** **उत्तर-** सचिन तेंदुलकर को।

**प्रश्न 88- 'मेट्रोमैन ऑफ इण्डिया ' किसे कहते हैं?** **उत्तर-** ई. धरन को।

**प्रश्न 89- 'बर्डमैन ऑफ इंडिया' के उपनाम से किसे जाना जाता है?** **उत्तर-** सलीम अली को।

**प्रश्न 90- 'स्वर कोकिला' किसे कहते हैं?** **उत्तर-** लता मंगेशकर को।

**प्रश्न 91- 'भारत का नेपोलियन' किसे कहा जाता है?** **उत्तर-** समुद्रगुप्त को।

**प्रश्न 92- 'विद्यासागर' के उपनाम से किसे जानते हैं?** **उत्तर-** ईश्वरचन्द्र को।

**प्रश्न 93- भारत में हरित क्रांति के जनक कौन हैं?** **उत्तर-** एम. एस. स्वामीनाथन।

**प्रश्न 94- भारत में श्वेतक्रांति के जनक कौन हैं?** **उत्तर-** वर्गीज कुरियन।

**प्रश्न 95- हरित क्रांति का सम्बंध किससे है?** **उत्तर-** खाद्यान्न उत्पादन से।

**प्रश्न 96- श्वेत क्रांति का सम्बंध किससे है?** **उत्तर-** दुग्ध उत्पादन से।

**प्रश्न 97- पीली क्रांति का सम्बंध किससे है?** **उत्तर-** तिलहन की फसलों के उत्पादन से।

**प्रश्न 98- नीली क्रांति का सम्बंध किससे है?** **उत्तर-** मत्स्य उत्पादन से।

**प्रश्न 99- रजत क्रांति का सम्बंध किससे है?** **उत्तर-** अंडा उत्पादन से।

**प्रश्न 100- गोल क्रांति का सम्बंध किससे है?** **उत्तर-** आलू उत्पादन से।

**प्रश्न 101- नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** उत्तराखण्ड में।

**प्रश्न 102- सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** पश्चिम बंगाल में।

**प्रश्न 103- कान्हा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** मध्य प्रदेश में।

**प्रश्न 104- बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** कर्नाटक में।

**प्रश्न 105- सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** उड़ीसा में।

**प्रश्न 106- राजा जी राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** उत्तराखण्ड में।

मिशन शिक्षण संवाद

**प्रश्न 107- जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** उत्तराखण्ड में।
**प्रश्न 108- मानस राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** असम में।
**प्रश्न 109- दुधवा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** उत्तरप्रदेश में।
**प्रश्न 110- काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** असम में।
**प्रश्न 111- बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** मध्य प्रदेश में।
**उत्तर 112- पेरियार राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** केरल में।
**प्रश्न 113- सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** राजस्थान में।
**प्रश्न 114- गिर राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** गुजरात में।
**प्रश्न 115- केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान किस राज्य में है?** **उत्तर-** राजस्थान में।
**प्रश्न 116- रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान कहाँ है?** **उत्तर-** राजस्थान में।
**प्रश्न 117- प्राणियों की जो प्रजातियाँ पूरी तरह से समाप्त हो चुकी हैं, उन्हें क्या कहते हैं?** **उत्तर-** विलुप्त प्रजातियाँ।
**प्रश्न 118- प्राणियों की जो प्रजातियाँ समाप्त होने की कगार पर हैं,उन्हें क्या कहते हैं?** **उत्तर-** संकटग्रस्त प्रजातियाँ।
**प्रश्न 119- कुछ विलुप्त प्रजातियों के नाम बताइए।** **उत्तर-** डायनासोर, लालपाण्डा, डोडो पक्षी, लालतोता।
**प्रश्न 120- कुछ संकटग्रस्त प्रजातियों के नाम का उल्लेख कीजिए।**
**उत्तर-** गौरैया, अफ्रीकन हाथी, गिद्ध, शेर, काला हिरण, बारहसिंगा, कछुआ।
**प्रश्न 121- उस किताब का नाम बताइए जिसमें संकटग्रस्त प्रजातियों के रिकॉर्ड रखा जाता है?** **उत्तर-** रेडडाटा बुक।
**प्रश्न 122- बाघ को बचाने के लिए (सुरक्षा के लिए) भारत सरकार द्वारा कौन सी परियोजना लागू की गई है?**
**उत्तर-** प्रोजेक्ट टाइगर।
**प्रश्न 123- प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत कब की गई?** **उत्तर-** 7अप्रैल 1973 से।
**प्रश्न 124- वह कौन सा कानून है जो आदिवासियों को जंगल पर उनका हक दिलाता है?**
**उत्तर-** जंगल अधिकार कानून-2007।
**प्रश्न 125- चिपको आंदोलन की शुरूआत किसने की?** **उत्तर-** सुंदरलाल बहुगुणा ने।
**प्रश्न 126- चिपको आंदोलन का नारा क्या है?** **उत्तर-** लकड़ी, पानी और बयार, ये हैं जंगल के उपकार।
**प्रश्न 127- वनों को बचाने के लिए वन महोत्सव की शुरूआत किसके द्वारा की गई?** **उत्तर-** के.एम.मुंशी द्वारा।
**प्रश्न 128- पहाड़ी इलाके गढ़वाल में लड़के, लड़कियों की शादी के अवसर पर पेड़ लगाने की प्रथा शुरू की गई, इस आन्दोलन को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** मैती आंदोलन।
**प्रश्न 129- भारत की पवित्र नदी कौन सी है?** **उत्तर-** गंगा नदी।
**प्रश्न 130- गंगा नदी को बांग्लादेश में किस नाम से जाना जाता है?** **उत्तर-**पद्मा नदी।
**प्रश्न 131- गंगा एवं ब्रम्हपुत्र की संयुक्त जलधारा किस नाम से जानी जाती है?** **उत्तर-** मेघना।
**प्रश्न 132- किस नदी को ' बिहार का शोक' कहा जाता है?** **उत्तर-** कोसी नदी।
**प्रश्न 133- किस नदी को 'बंगाल का शोक' कहा जाता है?** **उत्तर-** दामोदर नदी।
**प्रश्न 134- भारत में बहने के अनुसार भारत की सबसे लंबी नदी कौन सी है?** **उत्तर-** गंगा।
**प्रश्न 135- किस नदी को वृहद गंगा नाम से जाना जाता है?** **उत्तर-** गोदावरी।
**प्रश्न 136- नर्मदा नदी का अधिकांश भाग भारत के किस राज्य में बहती है?** **उत्तर-** मध्य प्रदेश।
**प्रश्न 137- दामोदर नदी कहाँ से निकलती है?** **उत्तर-** छोटा नागपुर से।
**प्रश्न 138- पंचगंगा तथा दूधगंगा किसकी सहायक नदियाँ हैं?** **उत्तर-** कृष्णा नदी।
**प्रश्न 139- पृथ्वी के कितने प्रतिशत भाग पर जल है?** **उत्तर-** 71% भाग पर।
**प्रश्न 140- पृथ्वी के कितने प्रतिशत भाग पर स्थल है?** **उत्तर-** 29% भाग पर।

**प्रश्न 141- पृथ्वी पर कितने महासागर हैं, उनके नाम लिखिए।**

**उत्तर-** ***5 महासागर हैं:-*** 1- प्रशान्त महासागर, 2-अटलांटिक महासागर, 3-हिन्द महासागर 4-आर्कटिक महासागर, 5-दक्षिणी महासागर (अंटार्कटिक महासागर)।

**प्रश्न 142- सबसे बड़ा एवं सबसे गहरा महासागर कौन सा है?** **उत्तर-** प्रशान्त महासागर।

**प्रश्न 143- प्रशान्त महासागर का सबसे गहरा स्थान कौन सा है?** **उत्तर-** मेरियाना गर्त (11233 मीटर)।

**प्रश्न 144- पृथ्वी पर बहुत बड़े स्थलखण्डों को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** महाद्वीप।

**प्रश्न 145- पृथ्वी पर कितने महाद्वीप हैं?**

**उत्तर-** ***7 महाद्वीप:-*** 1-एशिया, 2-यूरोप, 3-अफ्रीका, 4-उत्तरी अमेरिका, 5-दक्षिणी अमेरिका, 6-ऑस्ट्रेलिया 7-अंटार्कटिका।

**प्रश्न 146- सबसे बड़ा महाद्वीप किसे कहते हैं?** **उत्तर-** एशिया महाद्वीप।

**प्रश्न 147- विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटी कौन सी है?** **उत्तर-** माउन्ट एवरेस्ट।

**प्रश्न 148- माउन्ट एवरेस्ट की ऊंचाई कितनी है?** **उत्तर-** 8,848 मीटर।

**प्रश्न 149- एशिया में विश्व की लगभग कितने प्रतिशत जनसंख्या निवास करती है?** **उत्तर-** 59%।

**प्रश्न 150- पर्वत साधारणतः समूह में पाए जाते हैं,इन्हें क्या कहते हैं?** **उत्तर-** पर्वत श्रेणी।

**प्रश्न 151- विश्व की कुछ प्रमुख पर्वत श्रेणियों के नाम बताइए।**

**उत्तर-** हिमालय, एटलस, यूराल, आल्प्स, रॉकीज, हिंदुकुश।

**प्रश्न 152- पृथ्वी पर तुलनात्मक रूप से ऊँचे उठे चौरस भाग को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** पठार।

**प्रश्न153- विश्व के कुछ प्रमुख पठारों के नाम बताइए।**

**उत्तर-** पामीर का पठार, तिब्बत का पठार, भारत में दक्कन का पठार, ईरान का पठार, अरब का पठार।

**प्रश्न 154- संसार की छत किसे कहते हैं?** **उत्तर-** पामीर का पठार।

**प्रश्न 155- किस वृक्ष से मलेरिया की दवा कुनैन प्राप्त की जाती है?** **उत्तर-** सिनकोना।

**प्रश्न 156- भारत में मुख्यतः कितने प्रकार के वन पाए जाते हैं?**

**उत्तर-** ***5 प्रकार के:-*** 1-सदाबहार वन, 2-पतझड़ वन, 3-मरुस्थलीय वन, 4-पर्वतीय वन 5-वेलांचली या डेल्टाई वन।

**प्रश्न 157- सदाबहार वनों में पाए जाने वाले प्रमुख वृक्षों के नाम बताइए।**

**उत्तर-** रोजवुड, महोगनी, रबड़, ताड़, बाँस, नारियल।

**प्रश्न 158- पर्णपाती वनों को और किस नाम से जानते हैं?** **उत्तर-** मानसूनी वन।

**प्रश्न 159- पर्णपाती वनों में पाए जाने वाले वृक्षों के नाम बताइए।**

**उत्तर-** शीशम, नीम, महुआ, बरगद, पीपल, आँवला, बेल, खैर आदि।

**प्रश्न 160- मरुस्थलीय वनों में पाए जाने वाले वृक्षों के नाम बताइए।** **उत्तर-** कीकर, खजूर, बबूल, खेजड़ी।

**प्रश्न 161- पर्वतीय वनों में पाए जाने वाले वृक्षों के नाम लिखिए।** **उत्तर-** देवदार, चिनार, सिनकोना।

**प्रश्न 162- वेलांचली वन में पाए जाने वाले वृक्षों के नाम बताइए।** **उत्तर-** नारियल, ताड़, सुंदरी वृक्ष।

**प्रश्न 163- बुवाई के आधार पर फसलों को कितने वर्गों में बांटा गया है?**

**उत्तर-** 1-खरीफ, 2- रबी, 3-जायद

**प्रश्न 164- खरीफ़ की फसल की बुवाई कब की जाती है?** **उत्तर-** जुलाई - अगस्त में।

**प्रश्न 165- खरीफ़ की फसल तैयार होने पर कब काट ली जाती है?** **उत्तर-** नवंबर में।

**प्रश्न 166- खरीफ़ की फसलों के उदाहरण बताइए।**

**उत्तर-** धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, मूँग, उड़द, गन्ना, कपास, तम्बाकू।

**प्रश्न 167- रबी की फसल की बुवाई कब की जाती है?** **उत्तर-** जाड़े के प्रारम्भ यानी नवंबर में।

**प्रश्न 168- रबी की फसल कब काटी जाती है?** **उत्तर-** अप्रैल में।

**प्रश्न 169- रबी की फसलों के उदाहरण बताइए।**

**उत्तर-** गेंहूँ, जौ, चना, मटर, अलसी, अरहर, राई, सरसों, आलू आदि।

**प्रश्न 170- जायद की फसल की बुवाई कब की जाती है?** **उत्तर-** अप्रैल में।

**प्रश्न 171- जायद की फसल की कटाई कब की जाती है?** **उत्तर-** वर्षा के प्रारम्भ में यानी जुलाई में।

**प्रश्न 172- जायद की फसलों के उदाहरण बताइए।** **उत्तर-** सब्जियाँ, ककड़ी, खरबूजा, तरबूज आदि।

**प्रश्न 173- किन्ही दो रासायनिक खादों के नाम बताइए।** **उत्तर-** यूरिया, डी. ए. पी.।

**प्रश्न 174- चीन में बहुत से लोग नाव पर बने घरों में रहते हैं, खाते पीते हैं,इन घरों को क्या कहते हैं?**

**उत्तर-** सामपान।

**प्रश्न 175- सौरमण्डल में कितने ग्रह हैं?** **उत्तर-** 8 ग्रह।

**प्रश्न 176- सौर मण्डल के सभी 8 ग्रहों के नाम बताइए।**

**उत्तर-** बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण।

**प्रश्न 177- सूर्य के सबसे नजदीक ग्रह कौन सा है?** **उत्तर-** बुध।

**प्रश्न 178- सौर मण्डल का सबसे छोटा ग्रह कौन सा है?** **उत्तर-** बुध।

**प्रश्न 179- सौर मंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन सा है?** **उत्तर-** बुध।

**प्रश्न 180- भोर या सांझ का तारा (इवनिंग स्टार या मॉर्निंग स्टार) किस ग्रह को कहते हैं?** **उत्तर-** शुक्र ग्रह को।

**प्रश्न 181- शुक्र ग्रह के कितने उपग्रह हैं?** **उत्तर-** एक भी नहीं।

**प्रश्न 182- पानी की उपस्थिति के कारण पृथ्वी को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** नीला ग्रह

**प्रश्न 183- पृथ्वी के एक मात्र उपग्रह का नाम बताइए।** **उत्तर-** चंद्रमा।

**प्रश्न 184- पृथ्वी की दो गतियाँ कौन - कौन सी हैं?** **उत्तर-** घूर्णन गति, परिक्रमण गति।

**प्रश्न 185- लाल ग्रह के नाम से किस ग्रह को जानते हैं?** **उत्तर-** मंगल ग्रह।

**प्रश्न 186- सौर मण्डल का सबसे बड़ा ग्रह कौन सा है?** **उत्तर-** बृहस्पति।

**प्रश्न 187- सूर्य क्या है?** **उत्तर-** एक तारा।

**प्रश्न 188- सूर्य के चारो ओर घूमने वाले पिंड को क्या कहते हैं ?** **उत्तर-** ग्रह।

**प्रश्न 189- किसी ग्रह के चारो ओर घूमने वाले पिंड को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** उपग्रह।

**प्रश्न 190- सूर्य में कौन सी गैस होती है?** **उत्तर-** हाइड्रोजन, हीलियम।

**प्रश्न 191- सूर्य के धरातल का तापमान कितना है?** **उत्तर-** 6000°C।

**प्रश्न 192- सूर्य से सबसे दूर का ग्रह कौन सा है?** **उत्तर-** वरुण।

**प्रश्न 193- किस ग्रह पर जीवन पाया जाता है?** **उत्तर-** पृथ्वी।

**प्रश्न 194- किस तिथि को दिन व रात बराबर होते हैं?** **उत्तर-** 21 मार्च व 22 सितम्बर।

**प्रश्न 195- चन्द्र ग्रहण कब होता है?** **उत्तर-** पूर्णिमा को।

**प्रश्न 196- सूर्यग्रहण कब होता है?** **उत्तर-** अमावस्या को।

**प्रश्न 197- पृथ्वी के अपने अक्ष पर घूमने की गति को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** घूर्णन या दैनिक गति।

**प्रश्न 198- पृथ्वी की घूर्णन गति से क्या होता है?** **उत्तर-** दिन और रात।

**प्रश्न 199- पृथ्वी द्वारा सूर्य के चारो ओर परिक्रमण करने को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** परिक्रमण गति।

**प्रश्न 200- पृथ्वी की परिक्रमण गति से क्या होता है?** **उत्तर-** मौसम परिवर्तन।

**प्रश्न201- 'कुचिपुड़ी' किस राज्य का लोक नृत्य है?** **उत्तर-** आंध्रप्रदेश का।

मिशन शिक्षण संवाद

**प्रश्न 202- ' बिहू' किस राज्य का लोक नृत्य है?** **उत्तर-** असम का।
**प्रश्न 203- 'छऊ' किस राज्य का लोक नृत्य है?** **उत्तर-** बिहार का।
**प्रश्न 204- 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?** **उत्तर-** कर्नाटक का।
**प्रश्न 205- 'कथकली' और 'मोहिनीअट्टम' किस राज्य का लोक नृत्य है?** **उत्तर-** केरल का।
**प्रश्न 206- 'भांगड़ा' और 'गिद्दा' किस राज्य का लोकनृत्य है?** **उत्तर-** पंजाब का।
**प्रश्न 207- 'गरबा' और 'डांडिया' किस राज्य का लोक नृत्य है?** **उत्तर-** गुजरात का।
**प्रश्न 208- 'भरतनाट्यम' किस राज्य का लोक नृत्य है?** **उत्तर-** तमिलनाडु का।
**प्रश्न 209- 'नौटंकी' और 'रासलीला' किस राज्य का लोकनृत्य है?** **उत्तर-** उत्तरप्रदेश का।
**प्रश्न 210- 'छौलिया' किस राज्य का लोकनृत्य है?** **उत्तर-** उत्तराखण्ड का।
**प्रश्न 211- 'कालबेलिया' और 'घूमर' किस राज्य का लोकनृत्य है?** **उत्तर-** राजस्थान का।
**प्रश्न 212- 'लावणी' किस राज्य का लोकनृत्य है?** **उत्तर-** महाराष्ट्र का।
**प्रश्न 213- 'ओडिसी' किस राज्य का लोकनृत्य है?** **उत्तर-** उड़ीसा का।
**प्रश्न 214- 'पंथी नृत्य' किस राज्य का लोक नृत्य है?** **उत्तर-** छत्तीसगढ़ का।
**प्रश्न 215- 'पंडवानी' और 'गणगौर' किस राज्य का लोकनृत्य है?** **उत्तर-** मध्यप्रदेश का।
**प्रश्न 216- ' स्वर्ण मंदिर कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** अमृतसर (पंजाब) में।
**प्रश्न 217- ताजमहल (आगरा में स्थित) को किसने बनवाया?** **उत्तर-** मुगल बादशाह शाहजहाँ ने।
**प्रश्न 218- 'अजंता की गुफाएं' कहाँ स्थित हैं?** **उत्तर-** महाराष्ट्र में।
**प्रश्न 219- 'एलोरा की गुफाएं' कहाँ स्थित हैं?** **उत्तर-** महाराष्ट्र में।
**प्रश्न 220- 'हवा महल' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** जयपुर में।
**प्रश्न 221- दिल्ली के लाल किला का निर्माण कब शुरू किया गया था?** **उत्तर-** सन् 1639 में।
**प्रश्न 222- 'कुतुबमीनार' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** दिल्ली में।
**प्रश्न 223- कुतुबमीनार की ऊँचाई कितनी होती है?** **उत्तर-** 72.5 मीटर।
**प्रश्न 224- 'गेटवे ऑफ इंडिया' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** मुंबई में।
**प्रश्न 225- 'चारमीनार' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** हैदराबाद में।
**प्रश्न 226- 'स्टेचू ऑफ यूनिटी' किसकी मूर्ति है?** **उत्तर-** सरदार वल्लभभाई पटेल की।
**प्रश्न 227- 'स्टेचू ऑफ़ यूनिटी' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** गुजरात में।
**प्रश्न 228- 'स्टेचू ऑफ यूनिटी' की लंबाई कितनी है?** **उत्तर-** 182 मीटर।
**प्रश्न 229- 'हुमायूँ का मकबरा' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** दिल्ली में।
**प्रश्न 230- ' खजुराहो का मंदिर' किस राज्य में है?** **उत्तर-** मध्यप्रदेश में।
**प्रश्न 231- 'जैसलमेर का किला' किस राज्य में है?** **उत्तर-** राजस्थान में।
**प्रश्न 232- 'मीनाक्षी मन्दिर' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** मदुरई में।
**प्रश्न 233- 'जामा मस्जिद' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** दिल्ली में।
**प्रश्न 234- 'अक्षरधाम मन्दिर' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** दिल्ली में।
**प्रश्न 235- 'केदारनाथ मंदिर' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** उत्तराखण्ड में।
**प्रश्न 236- 'काशी विश्वनाथ मंदिर' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** वाराणसी में।
**प्रश्न 237- 'शांति निकेतन' स्थल किससे सम्बन्धित है?** **उत्तर-** रवींद्रनाथ टैगोर से।
**प्रश्न 238- 'विजय घाट' का सम्बंध किससे है?** **उत्तर-** लालबहादुर शास्त्री से।
**प्रश्न 239- 'राजघाट' का सम्बंध किससे है?** **उत्तर-** महात्मा गांधी से।



मिशन शिक्षण संवाद

**प्रश्न 240- पण्डित रविशंकर, विलायत ख़ाँ का सम्बंध किस वाद्य यंत्र से है?** **उत्तर-** 'सितार' से।
**प्रश्न 241- किशन महाराज, उस्ताद जाकिर हुसैन का सम्बन्ध किस वाद्य यंत्र से है?** **उत्तर-** 'तबला' से।
**प्रश्न 242- हरि प्रसाद चौरसिया का सम्बंध किस वाद्ययंत्र से है?** **उत्तर-** 'बाँसुरी' से।
**प्रश्न 243- बिस्मिल्लाह ख़ाँ का सम्बंध किस वाद्य यंत्र से है?** **उत्तर-** 'शहनाई' से।
**प्रश्न 244- 'महलों का शहर' किस शहर कोकहा जाता है?** **उत्तर-** कलकत्ता को।
**प्रश्न 245- 'गुलाबी शहर' किस शहर को कहा जाता है?** **उत्तर-** जयपुर को।
**प्रश्न 246- 'झीलों का शहर' किस शहर को कहा जाता है?** **उत्तर-** श्रीनगर को।
**प्रश्न 247- 'मसालों का बगीचा' किस राज्य को कहा जाता है?** **उत्तर-** केरल को।
**प्रश्न 248- 'पांच नदियों की भूमि' किस राज्य को कहा जाता है?** **उत्तर-** पंजाब को।
**प्रश्न 249- 'फलों की डलिया' किस राज्य को कहा जाता है?** **उत्तर-** हिमाचल प्रदेश को।
**प्रश्न 250- 'पर्वतों की रानी' किस शहर को कहते हैं?** **उत्तर-** मसूरी को।
**प्रश्न 251- केन्द्रीय सरकार के तीन अंग कौन से हैं?** **उत्तर-** व्यवस्थापिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका।
**प्रश्न 252- व्यवस्थापिका का क्या कार्य है?** **उत्तर-** कानून का निर्माण करना।
**प्रश्न 253- कार्यपालिका का क्या कार्य है?** **उत्तर-** कानून को लागू करना।
**प्रश्न 254- न्यायपालिका का क्या कार्य है?** **उत्तर-** न्याय करना।
**प्रश्न 255- भारत की केंद्रीय व्यवस्थापिका को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** संसद
**प्रश्न 256- संसद किससे मिलकर बनती है?** **उत्तर-** राष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा।
**प्रश्न 257-संसद का उच्च सदन किसे कहते हैं?** **उत्तर-** राज्यसभा को।
**प्रश्न 258- संसद का निम्न सदन किसे कहते हैं?** **उत्तर-** लोकसभा को।
**प्रश्न 259- लोकसभा के सदस्यों (एम.पी.) का कार्यकाल कितना होता है?** **उत्तर-** 5 वर्ष
**प्रश्न 260-राज्यसभा के सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है?** **उत्तर-** 6 वर्ष।
**प्रश्न 261- राज्य सभा के कितने सदस्य प्रति दो वर्ष पर सेवानिवृत्त हो जाते हैं?** **उत्तर-** एक तिहाई सदस्य।
**प्रश्न 262- मतदान करने के लिए न्यूनतम कितनी उम्र होनी चाहिए?** **उत्तर-** 18 वर्ष।
**प्रश्न 263- केन्द्रीय कार्यपालिका का प्रमुख कौन होता है?** **उत्तर-** राष्ट्रपति।
**प्रश्न 264- देश का प्रथम नागरिक कौन होता है?** **उत्तर-** राष्ट्रपति।
**प्रश्न 265- प्रधानमंत्री की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?** **उत्तर-** राष्ट्रपति द्वारा।
**प्रश्न 266- देश की जल, थल, एवं वायु सेनाओं का सर्वोच्च सेनापति कौन होता है?** **उत्तर-** राष्ट्रपति।
**प्रश्न 267- हमारे देश का सबसे बड़ा न्यायालय कौन सा है?** **उत्तर-** सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीमकोर्ट)।
**प्रश्न 268- संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई?** **उत्तर-** 24 अक्टूबर 1945 को।
**प्रश्न 269- संयुक्त राष्ट्र संघ का कार्यालय कहाँ है?** **उत्तर-** न्यूयार्क में।
**प्रश्न 270- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय कहाँ है?** **उत्तर-** हेग में।
**प्रश्न 271- विश्व स्वास्थ्य संगठन (W. H. O.) की स्थापना कब हुई?** **उत्तर-** 7 अप्रैल 1948 को।
**प्रश्न 272- आपदायें मुख्य रूप से कितने प्रकार की होती हैं?**
**उत्तर-** 1-प्राकृतिक आपदायें, 2-मानव जनित आपदायें।
**प्रश्न 273- प्राकृतिक आपदाओं के उदाहरण बताइए।**
**उत्तर-** भूकम्प, बाढ़, सूखा, लू, आँधी, तूफान, शीतलहर, बादल फटना, वनों में आग लगना, ज्वालामुखी, भूस्खलन।
**प्रश्न 274- मानव जनित आपदायें क्या होती हैं?**
**उत्तर-** आग, प्रदूषण, अपराध, दंगा, रासायनिक दुर्घटनाएं, जनसंख्या विस्फोट, भीषण रेल दुर्घटना।

**प्रश्न 275- पृथ्वी की सतह के हिलने को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** भूकम्प

**प्रश्न 276- भूकम्प की तीव्रता का मापन किस यंत्र से किया जाता है?** **उत्तर-** सिस्मोग्राफ

**प्रश्न 277- भूकम्प मापने के मात्रक क्या होता है?** **उत्तर-** रिएक्टर।

**प्रश्न 278- किसी रिहायशी क्षेत्र का जलमग्न हो जाना क्या कहलाता है?** **उत्तर-** बाढ़।

**प्रश्न 279- पृथ्वी को घेरती हुई वायु जितने स्थान में रहती है उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** वायुमण्डल।

**प्रश्न 280- वायुमण्डल के सबसे निचले भाग को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** क्षोभमण्डल।

**प्रश्न 281- क्षोभमण्डल के ऊपर के भाग को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** समताप मण्डल।

**प्रश्न 282- वायुयान के किस मण्डल में वायुयान उड़ाने की आदर्श दशा पायी जाती है?** **उत्तर-** समताप मण्डल।

**प्रश्न 283- सूर्य की पराबैंगनी किरणों को कौन सी गैस अवशोषित करती है?**

**उत्तर-** समताप मण्डल में पाई जाने वाली ओजोन गैस।

**प्रश्न 284- समताप मण्डल के ऊपर पाए जाने वाले वायुमंडलीय क्षेत्र को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** मध्य मण्डल।

**प्रश्न 285- मध्यमण्डल के ऊपरी भाग को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** आयन मण्डल।

**प्रश्न 286- वायुमण्डल में नाइट्रोजन गैस कितने प्रतिशत पायी जाती है?** **उत्तर-** 78%।

**प्रश्न 287- वायुमण्डल में ऑक्सीजन गैस कितने प्रतिशत पायी जाती है?** **उत्तर-** 21%।

**प्रश्न 288- इस्लाम धर्म के प्रवर्तक कौन थे?** **उत्तर-** हजरत मुहम्मद साहब।

**प्रश्न 289- हजरत मुहम्मद साहब का जन्म कहाँ हुआ?** **उत्तर-** मक्का में।

**प्रश्न 290- मुहम्मद साहब की मक्का से मदीना की यात्रा क्या कहलाती है?** **उत्तर-** हिजरत।

**प्रश्न 291- इस्लाम धर्म का पवित्र ग्रन्थ का क्या नाम है?** **उत्तर-** कुरान।

**प्रश्न 292- इसाई धर्म के प्रवर्तक का नाम बताइए।** **उत्तर-** ईशामसीह।

**प्रश्न 293- इसाई धर्म का पवित्र ग्रन्थ का नाम बताइए।** **उत्तर-** बाइबिल।

**प्रश्न 294- सिक्ख धर्म की स्थापना किसने की?** **उत्तर-** गुरुनानक जी ने।

**प्रश्न 295- पारसी धर्म के प्रवर्तक का नाम बताइए।** **उत्तर-** जरथ्रुष्ट।

**प्रश्न 296- पारसी धर्म में किसकी पूजा की जाती है?** **उत्तर-** अग्नि की।

**प्रश्न 297- पारसी धर्म का पवित्र ग्रन्थ का क्या नाम है?** **उत्तर-** जेंदअवेस्ता।

**प्रश्न 298- विश्व का सबसे प्राचीन धर्म कौन सा है?** **उत्तर-** हिन्दू धर्म।

**प्रश्न 299- हिन्दू धर्म को और क्या कहते हैं?** **उत्तर-** सनातन धर्म।

**प्रश्न 300- शिंतो धर्म जो कि जापान का प्रमुख धर्म है, इसमें किसकी पूजा की जाती है?** **उत्तर-** सूर्य की पूजा।

**प्रश्न 301- 'क्रिकेट' खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?** **उत्तर-** 11 खिलाड़ी।

**प्रश्न 302- 'फुटबॉल' खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?** **उत्तर-** 11 खिलाड़ी।

**प्रश्न 303- 'हॉकी' खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?** **उत्तर-** 11 खिलाड़ी।

**प्रश्न 304- 'बास्केटबॉल' खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?** **उत्तर-** 5 खिलाड़ी।

**प्रश्न 305- 'पोलो' में कितने खिलाड़ी होते हैं?** **उत्तर-** 4 खिलाड़ी।

**प्रश्न 306- 'वॉलीबॉल' खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं।** **उत्तर-** 6 खिलाड़ी।

**प्रश्न 307- 'कबड्डी' में प्रत्येक पक्ष में कितने खिलाड़ी होते हैं?** **उत्तर-** 7 खिलाड़ी।

**प्रश्न 308- 'खो-खो' में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?** **उत्तर-** 9 खिलाड़ी।

**प्रश्न 309- 'मेजर ध्यानचंद' और 'सरदार सिंह' का सबन्ध किस खेल से है?** **उत्तर-** हॉकी से।

**प्रश्न 310- 'पी.वी.सिंधु' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** बैडमिंटन से।

**प्रश्न 311- 'सुशील कुमार' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** भारतीय कुश्ती से।



मिशन शिक्षण संवाद

**प्रश्न 312- 'मिताली राज' का सम्बन्ध किस खेल से है?** **उत्तर-** क्रिकेट से।
**प्रश्न 313- 'अजय ठाकुर' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'कबड्डी' से।
**प्रश्न 314- भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान कौन हैं?** **उत्तर-** अजय ठाकुर।
**प्रश्न 315- किस खिलाड़ी के जन्मदिन (29 अगस्त) को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है?**
**उत्तर-** 'मेजर ध्यानचंद' के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है।
**प्रश्न 316- सचिनतेंदुलकर, सुनील गावस्कर, कपिलदेव, विराटकोहली, का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** क्रिकेट से।
**प्रश्न 317- 'बुला चौधरी' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'तैराकी' से।
**प्रश्न 318- 'मैरीकॉम' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'मुक्केबाजी' से।
**प्रश्न 319- 'साइना नेहवाल' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'बैडमिन्टन' से।
**प्रश्न 320- 'साक्षी मलिक' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'कुश्ती' से।
**प्रश्न 321- 'विश्वनाथन आनंद' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'शतरंज' से।
**प्रश्न 322- 'आगा ख़ाँ कप' किस खेल से सम्बन्धित है?** **उत्तर-** 'हॉकी' से।
**प्रश्न 323- 'रणजी ट्रॉफी' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'क्रिकेट' से।
**प्रश्न 324- 'देवधर ट्रॉफी' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-**: क्रिकेट' से।
**प्रश्न 325- 'संतोष ट्रॉफी' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'फुटबॉल' से।
**प्रश्न 326- यूरोकप, फेडरेशन कप का सम्बन्ध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'फुटबॉल' से।
**प्रश्न 327- 'डेविसकप' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'टेनिस' से।
**प्रश्न 328- 'थॉमसकप' का सम्बंध किस खेल से है?** **उत्तर-** 'बैडमिंटन' से।
**प्रश्न 329- 'शार्ट कार्नर', 'टाईब्रेकर' व 'पेनेल्टी स्ट्रोक' शब्द किस खेल से जुड़े हैं?** **उत्तर-** 'हॉकी' से।
**प्रश्न 330- 'रनर' शब्द किस खेल से जुड़ा है?** **उत्तर-** 'क्रिकेट' से।
**प्रश्न 331- 'बटर फ्लाई' शब्द किस खेल से जुड़ा है?** **उत्तर-** 'तैराकी' से।
**प्रश्न 332-' आयरन' शब्द किस खेल से जुड़ा है?** **उत्तर-** 'गोल्फ' से।
**प्रश्न 333- 'ओलम्पिक खेल' कितने वर्षों के अंतराल पर होता है?** **उत्तर-** 4 वर्षों के अंतराल पर।
**प्रश्न 334- प्रथम ओलम्पिक खेल किस वर्ष आयोजित किए गए थे?** **उत्तर-** सन् 1896 में।
**प्रश्न 335- प्रथम ओलम्पिक खेल कहाँ आयोजित किए गए थे?** **उत्तर-** एथेंस में।
**प्रश्न 336- क्रिकेट की अंतर्राष्ट्रीय संस्था का क्या नाम है?** **उत्तर-** I. C. C.
**प्रश्न 337- 'शतरंज' का जन्मदाता देश का नाम बताइए।** **उत्तर-** भारत।
**प्रश्न 338- 'क्रिकेट' की शुरुआत किस देश से हुई?** **उत्तर-** बइंग्लैण्ड से।
**प्रश्न 339- 'राष्ट्रमण्डल खेलों' का प्रथम आयोजन कब हुआ?** **उत्तर-** सन् 1930 में।
**प्रश्न 340- 'ईडन गार्डन स्टेडियम' भारत में कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** कोलकाता में।
**प्रश्न 341- 'राष्ट्रीय खेल संस्थान' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** पटियाला में।
**प्रश्न 342- भारतीय क्रिकेट टेस्ट मैच के प्रथम कप्तान कौन थे?** **उत्तर-** सी. के. नायडू।
**प्रश्न 343- 'वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** मुम्बई।
**प्रश्न 344- 'फिरोजशाह कोटला स्टेडियम' कहाँ स्थित है?** **उत्तर-** दिल्ली।
**प्रश्न 345- ओलम्पिक खेलों में पदक जीतने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी कौन थी?** **उत्तर-** कर्णममल्लेश्वरी।
**प्रश्न 346- कौन सी भारतीय खिलाड़ी 'पायली एक्सप्रेस' के नाम से जानी जाती है?** **उत्तर-** पी.टी.ऊषा।
**प्रश्न 347- भारत का सर्वोच्च राष्ट्रीय खेल पुरस्कार कौन सा है?** **उत्तर-** 'राजीवगांधी खेल रत्न पुरस्कार'।
**प्रश्न 348- 'राजीवगांधी खेलरत्न पुरस्कार' की शुरुआत कब हुई?** **उत्तर-** सन् 1991 से।

**प्रश्न 349- 'राजीवगांधी खेलरत्न पुरस्कार' प्राप्त करने वाले पहले खिलाड़ी कौन थे?** **उत्तर-** विश्वनाथन आनन्द।

**प्रश्न 350- सबसे पुराना 'राष्ट्रीय खेल पुरस्कार' कौन सा है?** **उत्तर-** 'अर्जुन पुरस्कार'।

**प्रश्न 351- 'अर्जुन पुरस्कार' की शुरुआत कब से की गयी?** **उत्तर-** सन् 1961 से।

**प्रश्न 352- 'अर्जुन पुरस्कार' प्राप्त करने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी कौन थी?** **उत्तर-** मीनाशाह (बैडमिन्टन)।

**प्रश्न 353- विभिन्न खेलों के कोच को उत्कृष्ट योगदान हेतु कौन सा पुरस्कार दिया जाता है?**
**उत्तर-** 'द्रोणाचार्य पुरस्कार'।

**प्रश्न 354- 'द्रोणाचार्य पुरस्कार की शुरुआत कब से की गयी?** **उत्तर-** सन् 1985 से।

**प्रश्न 355- भारतीय हॉकी टीम प्रथम बार ओलम्पिक खेलों में कब सम्मिलित हुई?** **उत्तर-** 26 मई 1928 को।

**प्रश्न 356- I C C क्रिकेट विश्व कप कितने वर्षों के अंतराल में आयोजित किया जाता है?**
**उत्तर-** 4 वर्ष के अंतराल पर।

**प्रश्न 357- पहली बार क्रिकेट विश्वकप का आयोजन किया गया?** **उत्तर-** सन् 1975 में (इंग्लैण्ड में)।

**प्रश्न 358- पहली बार भारत ने क्रिकेट विश्वकप कब जीता?** **उत्तर-** सन् 1983 में।

**प्रश्न 359- पहली बार जब भारत ने क्रिकेट विश्वकप जीता तो उस समय भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान कौन था?** **उत्तर-** कपिल देव।

**प्रश्न 360- फुटबॉल खेल को और किस नाम से जानते हैं?** **उत्तर-** 'सॉकर'।

**प्रश्न 361- फुटबॉल की सबसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय और लोकप्रिय प्रतियोगिता कौन सी है?** **उत्तर-** 'फीफा विश्वकप'।

**प्रश्न 362- फीफा विश्वकप का आयोजन कितने वर्ष के अंतराल पर होता है?** **उत्तर-** 4 वर्ष के अंतराल पर।

**प्रश्न 363- पैराओलम्पिक खेल में कौन से खिलाड़ी प्रतिभाग करते हैं?** **उत्तर-** दिव्यांग खिलाड़ी।

**प्रश्न 364- लम्बी श्वास लेने तथा धीरे-धीरे उसे छोड़ने की प्रक्रिया के अभ्यास से किस अंग को निरोग रखा जा सकता है?** **उत्तर-** 'फेफड़ों' को।

**प्रश्न 365- महर्षि पतंजलि के अनुसार दर्शाये योग के विभिन्न अंगों के 'आसन' किस स्थान पर हैं?**
**उत्तर-** तीसरे स्थान पर।

**प्रश्न 366- सांस भरने की क्रिया क्या कहलाती है?** **उत्तर-** 'पूरक'।

**प्रश्न 367- सांस बाहर निकालने की क्रिया क्या कहलाती है?** **उत्तर-** 'रेचक'।

**प्रश्न 368- जब सांस को अंदर रोककर रखना होता है तो वह क्रिया क्या कहलाती है?** **उत्तर-** 'कुम्भक'।

**प्रश्न 369- 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहाँ से लिया गया है?** **उत्तर-** 'भगवद् गीता' से।

**प्रश्न 370- महर्षि पतंजलि के अनुसार योग के कितने अंग हैं?** **उत्तर-** 8 (आठ) अंग।

**प्रश्न 371- आसन करते समय शरीर पर कैसे कपड़े होने चाहिए।?** **उत्तर-** ढीले-सूती कपड़े।

**प्रश्न 372- श्वास हमेशा किस अंग से लेनी व छोड़नी चाहिए।** **उत्तर-** 'नाक' (नासिका) से।

**प्रश्न 373- भोजन के बाद किया जाने वाला एकमात्र आसन कौन सा है?** **उत्तर-** 'वज्रासन'

**प्रश्न 374- प्राण आयाम किस आसन से नियंत्रित होता है?** **उत्तर-** 'प्राणायाम' से।

**प्रश्न 375- 'योग' की उत्पत्ति भारत में लगभग कितने वर्ष पूर्व हुई?** **उत्तर-** 5000 वर्ष से अधिक।

**प्रश्न 376- लम्बाई बढ़ाने में लाभान्वित करने वाला कौन सा आसन है?** **उत्तर-** 'ताड़ासन'।

**प्रश्न 377- वृक्ष की तरह स्थिर व ध्यान केन्द्रित करने की क्षमता बढ़ाने वाला आसन कौन सा है?** **उत्तर-** 'वृक्षासन'।

**प्रश्न 378- योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत भाषा के किस धातु से हुई है?** **उत्तर-** ' युज' धातु से।

**प्रश्न 379- 'युज' धातु का क्या अर्थ है?** **उत्तर-** मिलाना या जोड़ना।

**प्रश्न 380- मुखमण्डल का ओज बढ़ाने वाला कौन सा आसन है?** **उत्तर-** 'कपालभाति प्राणायाम'।

**प्रश्न 381- आसन करने का उत्तम समय क्या है?** **उत्तर-** दोनो संधिकाल (सूर्योदय व सूर्यास्त)।

**प्रश्न 382- 'सूक्ष्म योग' किसे पुष्ट करता है?** **उत्तर-** शरीर के सभी जोड़ों को।
**प्रश्न 383- एक पूर्ण व्यायाम कौन सा है?** **उत्तर-** 'सूर्य नमस्कार'।
**प्रश्न 384- भारत व चीन के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा क्या कहलाती है?** **उत्तर-** 'मैकमोहन रेखा'।
**प्रश्न 385- भारत व पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा क्या कहलाती है?** **उत्तर-** 'रेडक्लिफ रेखा'।
**प्रश्न 386- भारत व अफगानिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा क्या कहलाती है?** **उत्तर-** 'डुरण्ड रेखा'।
**प्रश्न 387- नेपाल की संसद को क्या कहते हैं?** उत्तर 'राष्ट्रीय पंचायत'।
**प्रश्न 388- अफगानिस्तान की संसद को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** 'शोरा'।
**प्रश्न 389- जापान की संसद क्या कहलाती है?** **उत्तर-** 'डायट'।
**प्रश्न 390- भारत व पाकिस्तान की संसद को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** 'संसद'।
**प्रश्न 391- भारत की पहली बोलती फिल्म कौन सी थी?** **उत्तर-** 'आलमआरा'।
**प्रश्न 392- फिल्म आलमआरा का पहला फिल्मगीत कौन सा है?** **उत्तर-** दे-दे खुदा के नाम पर।
**प्रश्न 393- 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' सबसे पहले किसे सम्मानित किया गया?** **उत्तर-** देविका रानी को।
**प्रश्न 394- पहली थ्री-डी फिल्म का नाम बताइए।** **उत्तर-** शिवा का इंसाफ।
**प्रश्न 395- गन्ना शोध संस्थान कहाँ है?** **उत्तर-** कानपुर में।
**प्रश्न 396- केन्द्रीय खनन अनुसंधान केन्द्र कहाँ है?** **उत्तर-** धनबाद (झारखण्ड) में।
**प्रश्न 397- भारत का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय कौन सा है?** **उत्तर-** तक्षशिला विश्वविद्यालय
**प्रश्न 398- 'सत्यमेव जयते' कहाँ से लिया गया है?** **उत्तर-** मुण्डक उपनिषद से।
**प्रश्न 399- पहले परमवीर चक्र विजेता का नाम बताइए।** **उत्तर-** मेजर सोमनाथ शर्मा।
**प्रश्न 400- भारत में दूरदर्शन की शुरुआत कब हुई?** **उत्तर-** 15 सितम्बर 1959 को नई दिल्ली में।

## खण्ड 5, सामान्य विज्ञान (प्रश्नों की संख्या- 125)

**प्रश्न 1- रोगों से रक्षा हेतु वैक्सीन / टीके की खोज किसने की?** **उत्तर-** एडवर्ड जेनर ने।
**प्रश्न 2- पेनिसिलिन (प्रतिजैविक) की खोज किसने की?** **उत्तर-** अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने।
**प्रश्न 3- साइकिल की खोज किसने की?** **उत्तर-** के. मैक मिलन ने।
**प्रश्न 4- मोटरसाइकिल की खोज किसने की?** **उत्तर-** जी. डैमलर ने।
**प्रश्न 5- हवाई जहाज की खोज किसने की?** **उत्तर-** राइट बन्धु ने।
**प्रश्न 6- भाप इंजन की खोज किसने की?** **उत्तर-** जेम्सवाट ने।
**प्रश्न 7- डीज़ल इंजन की खोज किसने की?** **उत्तर-** रुडोल्फ डीज़ल ने।
**प्रश्न 8- रेल इंजन की खोज किसने की?** **उत्तर-** जार्ज स्टीफेन्सन ने।
**प्रश्न 9- विद्युत बल्ब व ग्रामोफोन की खोज किसने की?** **उत्तर-** थॉमस एल्वा एडिसन ने।
**प्रश्न 10- रेडियो की खोज किसने की?** **उत्तर-** मारकोनी ने।
**प्रश्न 11- टेलीफोन की खोज किसने की?** **उत्तर-** ग्राहमबेल ने।
**प्रश्न 12- दूरबीन की खोज किसने की?** **उत्तर-** गैलीलियो गैलीली ने।
**प्रश्न 13- विद्युत पंखे की खोज किसने की?** **उत्तर-** व्हीलर ने।
**प्रश्न 14- रिवाल्वर की खोज किसने की?** **उत्तर-** कोल्ट ने।
**प्रश्न 15- परमाणु बम की खोज किसने की?** **उत्तर-** ऑटोहान ने।
**प्रश्न 16- गुरुत्वाकर्षण की खोज किसने की?** **उत्तर-** सर आइजेक न्यूटन ने।

**प्रश्न 17- जीवाणु की खोज किसने की?** **उत्तर-** ल्यूवेनहॉक ने।
**प्रश्न 18- विषाणु की खोज किसने की?** **उत्तर-** इवानोवस्की ने।
**प्रश्न 19- रेफ्रिजरेटर की खोज किसने की?** **उत्तर-** हैरिसन व अलेक्जेंडर ने।
**प्रश्न 20- फाउंटेन पेन की खोज किसने की?** **उत्तर-** वाटरमैन ने।
**प्रश्न 21- पोषक तत्व कौन-कौन से होते हैं** **उत्तर-** कार्बोहाइड्रेट, वसा, प्रोटीन, विटामिन, खनिज लवण।
**प्रश्न 22- ऊर्जा प्रदान करने वाले पोषक तत्व कौन से हैं?** **उत्तर-** कार्बोहाइड्रेट और वसा।
**प्रश्न 23- शरीर की वृद्धि करने वाले पोषक तत्व का नाम बताइए।** **उत्तर-** प्रोटीन।
**प्रश्न 24- रोगों से रक्षा करने वाले पोषक तत्व का नाम बताइए।** **उत्तर-** विटामिन व खनिजलवण।
**प्रश्न 25- स्वस्थ रहने के लिए हमें कैसा भोजन करना चाहिए?** **उत्तर-** संतुलित भोजन
**प्रश्न 26- कार्बोहाइड्रेट के स्रोत बताइए।** **उत्तर-** गेंहू, बाजरा, चावल, गुड़, शकरकन्द।
**प्रश्न 27- वसा के प्रमुख स्रोत बताइए।** **उत्तर-** दूध, मक्खन, पनीर, नारियल, तेल, मांस आदि।
**प्रश्न 28- प्रोटीन के स्रोत बताइए।** **उत्तर-** दालें, सोयाबीन, अंडा, दूध आदि।
**प्रश्न 29- कार्बोहाइड्रेट की कमी से स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?**
**उत्तर-** शरीर का वजन कम हो जाता है,शरीर दुर्बल हो जाता है।
**प्रश्न 30- प्रोटीन की कमी से कौन सी बीमारी हो जाती है?** **उत्तर-** मेरेस्मस।
**प्रश्न 31- विटामिन को कितनी श्रेणियों में बाँटा गया है?**
**उत्तर-** ***दो श्रेणियों में:-*** 1- वसा में घुलनशील-विटामिन A, D, E, K , 2- जल में घुलनशील- विटामिन B व C।
**प्रश्न 32- विटामिन A के स्रोत बताइए।** **उत्तर-** गाजर, मछली का तेल, घी, मक्खन, अंडे।
**प्रश्न 33- वितामिन A की कमी से होने वाली बीमारी का नाम बताइए।** **उत्तर-** रतौंधी।
**प्रश्न 34- विटामिन B के स्रोत बताइए।** **उत्तर-** अनाज के छिलके, अंडा, मछली, दूध, पनीर आदि।
**प्रश्न 35- विटामिन B की कमी से कौन सा रोग होता है?** **उत्तर-** बेरी - बेरी।
**प्रश्न 36- विटामिन C के स्रोत बताइए।** **उत्तर-** नींबू, आँवला, संतरा आदि।
**प्रश्न 37- विटामिन C की कमी से कौन सा रोग होता है?** **उत्तर-** स्कर्वी।
**प्रश्न 38- विटामिन D के स्रोत बताइए।** **उत्तर-** सूर्य का प्रकाश, मक्खन, दूध, मछली का तेल आदि।
**प्रश्न 39- विटामिन D की कमी से कौन सा रोग होता है?** **उत्तर-** रिकेट्स (सूखा रोग)।
**प्रश्न 40- विटामिन E की कमी से कौन सा रोग होता है?** **उत्तर-** नपुंसकता।
**प्रश्न 41- विटामिन K की कमी से कौन सी बीमारी होती है?** **उत्तर-** रक्तस्राव।
**प्रश्न 42- हमारे शरीर को अनिवार्य रूप से किन खनिज लवणों की आवश्यकता होती है?**
**उत्तर-** फ्लोरीन, पोटैशियम, आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयोडीन आदि।
**प्रश्न 43- फ्लोरीन की कमी से क्या होता है?** **उत्तर-** दाँतों के इनेमल का क्षरण होने लगता है।
**प्रश्न 44- हमारे भोजन में आयरन का क्या महत्व है**?
**उत्तर-** आयरन रक्त में हीमोग्लोबिन के निर्माण में सहायक है।
**प्रश्न 45- आयरन की कमी से कौन सी बीमारी होती है?** **उत्तर-** एनीमिया।
**प्रश्न 46- आयोडीन की कमी से कौन सी बीमारी होती है?** **उत्तर-** घेंघा।
**प्रश्न 47- दूध को संतुलित आहार क्यों कहा जाता है?** **उत्तर-** क्योंकि दूध में सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं|
**प्रश्न 48- रक्त वर्ग की खोज किसने की?** **उत्तर-** कार्ललैण्ड स्टीनर ने।
**प्रश्न 49- एंटीजन (प्रतिजन) के आधार पर रक्त वर्ग कितने प्रकार के होते हैं?**
**उत्तर-** ***चार प्रकार के:-*** 1-रक्त वर्ग A, 2-रक्त वर्ग B**,** 3-रक्त वर्ग A B, 4-रक्त वर्ग O

**प्रश्न 50- सर्वग्राही रक्त वर्ग किसे कहा जाता है?** **उत्तर-** रक्त वर्ग A B को।

**प्रश्न 51- किस रक्त वर्ग को सर्वदाता कहते हैं?** **उत्तर-** रक्त वर्ग O को।

**प्रश्न 52- रक्त का ph मान कितना होता है?** **उत्तर-** 7.4।

**प्रश्न 53- रूधिर के दो मुख्य भाग कौन से हैं?** **उत्तर-** 1-प्लाज्मा, 2-रक्त कणिकाएं

**प्रश्न 54- रूधिर में प्लाज्मा कितने प्रतिशत होता है?** **उत्तर-** 55% लगभग।

**प्रश्न 55- रूधिर में रक्त कणिकाएं कितने प्रकार की होती हैं?**

**उत्तर-** ***1- लाल रक्त कणिकाएं*** (RBC)

***2- श्वेत रक्त कणिकाएं*** (WB C)

***3- प्लेटलेट्स***

**प्रश्न 56- हीमोग्लोबिन किन कणिकाओं में पाया जाता है?** **उत्तर-** R B C में।

**प्रश्न 57- जीवाणुओं के भक्षण की शक्ति किन रक्त कणिकाओं में पाई जाती है?** **उत्तर-** W. B. C. में।

**प्रश्न 58- मनुष्य के मुख्य उत्सर्जी अंग का नाम बताइए।** **उत्तर-** वृक्क (किडनी)।

**प्रश्न 59- मनुष्य में कितने वृक्क पाए जाते हैं?** **उत्तर-** दो (2)

**प्रश्न 60- मनुष्य का मुख्य श्वसन अंग कौन सा है?** **उत्तर-** फेफड़ा।

**प्रश्न 61- मनुष्य में कितने फेफड़े पाए जाते हैं?** **उत्तर-** दो (2)।

**प्रश्न 62- मछलियाँ किस अंग से सांस लेती हैं?** **उत्तर-** गिल्स या गलफड़े।

**प्रश्न 63- रक्त परिसंचरण तंत्र का मुख्य अंग कौन सा है?** **उत्तर-** हृदय।

**प्रश्न 64- मनुष्य के हृदय में कितने कोष्ठ होते हैं?** **उत्तर-** 4 कोष्ठ (2 अलिंद, 2 निलय)।

**प्रश्न 65- हृदय के अध्ययन को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** कार्डियोलॉजी।

**प्रश्न 66- मनुष्य का सामान्य रक्तदाब कितना होता है?** **उत्तर-** 80/120

**प्रश्न 67- रक्तदाब मापने वाले यंत्र का क्या नाम है?** **उत्तर-** स्फिग्मोमैनोमीटर।

**प्रश्न 68- मनुष्य के शरीर में कितनी हड्डियाँ पायी जाती हैं?** **उत्तर-** 206 हड्डियाँ।

**प्रश्न 69- शिशुओं में कितनी हड्डियाँ पायी जाती हैं?** **उत्तर-** 213 हड्डियाँ।

**प्रश्न 70- शिशु के जन्म के समय कितनी हड्डियाँ होती हैं?** **उत्तर-** 300 से अधिक।

**प्रश्न 71- मनुष्य में पसलियों की संख्या कितनी होती हैं?** **उत्तर-** 24 पसलियाँ।

**प्रश्न 72- मनुष्य की खोपड़ी में कितनी अस्थियाँ पायी जाती हैं?** **उत्तर-** 22 अस्थियाँ।

**प्रश्न 73- चेहरे का निर्माण कितनी हड्डियाँ करती हैं?** **उत्तर-** 14 हड्डियाँ।

**प्रश्न 74- वक्ष भाग में कुल कितनी अस्थियाँ पायी जाती हैं?** **उत्तर-** 25 अस्थियाँ।

**प्रश्न 75- शरीर की सबसे लंबी हड्डी कौन सी होती है?** **उत्तर-** फीमर (जांघ की हड्डी)।

**प्रश्न 76- मानव शरीर की सबसे पतली हड्डी कौन सी होती है?** **उत्तर-** फिबुला अस्थि।

**प्रश्न 77- कशेरुकाओं की संख्या (मेरुदण्ड की हड्डियाँ) कितनी होती है?** **उत्तर-** 26 (शिशुओं में 33)।

**प्रश्न 78- मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी कौन सी होती है?** **उत्तर-** स्टेपीज (कान की हड्डी)।

**प्रश्न 79- मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रन्थि का नाम बताइए।** **उत्तर-** यकृत।

**प्रश्न 80- मानव शरीर के सबसे बड़े अंग का नाम बताइए।** **उत्तर-** त्वचा।

**प्रश्न 81- मानव शरीर का सबसे व्यस्त अंग कौन सा है?** **उत्तर-** हृदय।

**प्रश्न 82- मानव के मस्तिष्क का भार कितना होता है?** **उत्तर-** 1400 ग्राम।

**प्रश्न 83- मानव का हृदय सामान्य रूप से 1 मिनट में कितनी बार धड़कता है?** **उत्तर-** 72 से 75 बार।

**प्रश्न 84- पित्त रस का निर्माण किस अंग में होता है?** **उत्तर-** यकृत में।

**प्रश्न 85- मनुष्य के शरीर की सबसे बड़ी कोशिका का नाम बताइए।** **उत्तर-** तंत्रिका कोशिका।

**प्रश्न 86- हृदय के किस भाग में शुद्ध रक्त पाया जाता है?** **उत्तर-** बाएं भाग में।

**प्रश्न 87- हृदय के बाएं भाग में रक्त कहाँ से आता है?** **उत्तर-** फेफड़ों से।

**प्रश्न 88- पौधे के सभी भागों के नाम बताइए।** **उत्तर-** जड़, तना, पत्ती, फूल, फल।

**प्रश्न 89- जड़ की सतह पर छोटे - छोटे रोंए पाए जाते हैं उन्हें क्या कहते हैं?** **उत्तर-** मूलरोम।

**प्रश्न 90- पौधे को भूमि में स्थिर रखने का काम पौधे का कौन सा भाग करता है?** **उत्तर-** जड़।

**प्रश्न 91- अधिकांश पौधों की पत्तियों का रंग कैसा होता है?** **उत्तर-** हरा।

**प्रश्न 92- पत्तियों का रंग हरा किस कारण होता है?** **उत्तर-** क्लोरोफिल (पर्णहरित) के कारण।

**प्रश्न 93- पत्तियों की निचली सतह पर छोटे-छोटे छिद्र पाए जाते हैं इन्हे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** पर्णरंध्र (स्टोमेटा)।

**प्रश्न 94- पर्णरंध्र द्वारा पत्तियाँ क्या काम करती हैं?** **उत्तर-** गैसों का आदान - प्रदान करना।

**प्रश्न 95- पौधे का कौन सा भाग भोजन बनाने का कार्य करता है?** **उत्तर-** पत्तियाँ।

**प्रश्न 96- पत्तियाँ किन -किन तत्वों की सहायत से भोजन बनाती हैं?**
**उत्तर-** सूर्य का प्रकाश, जल, क्लोरोफिल, कार्बनडाई ऑक्साइड।

**प्रश्न 97- पौधों में पत्तियों द्वारा भोजन बनाने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?** **उत्तर-** प्रकाश संश्लेषण।

**प्रश्न 98- हम सांस लेने में कौन सी गैस ग्रहण करते हैं?** **उत्तर-** ऑक्सीजन।

**प्रश्न 99- पौधे श्वसन की क्रिया में कौन सी गैस ग्रहण करते हैं?** **उत्तर-** ऑक्सीजन।

**प्रश्न 100- हम श्वसन क्रिया में कौन सी गैस बाहर निकालते हैं?** **उत्तर-** कार्बनडाई ऑक्साइड।

**प्रश्न 101- पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में कौन सी गैस ग्रहण करते हैं?** **उत्तर-** कार्बनडाई ऑक्साइड।

**प्रश्न 102- पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया में कौन सी गैस बाहर निकालते हैं?** **उत्तर-** ऑक्सीजन।

**प्रश्न 103- जड़ों द्वारा अवशोषित अतिरिक्त जल पत्तियों से वाष्प के रूप में बाहर निकलता रहता है, इस क्रिया को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** वाष्पत्सर्जन।

**प्रश्न 104- श्वसन की क्रिया पौधों में कब होती है?** **उत्तर-** दिन - रात।

**प्रश्न 105- पौधों का सबसे सुंदर और आकर्षक भाग कौन सा है?** **उत्तर-** पुष्प।

**प्रश्न 106- पुष्प का नर भाग क्या कहलाता है?** **उत्तर-** पुंकेसर।

**प्रश्न 107- पुष्प का मादा भाग क्या कहलाता है?** **उत्तर-** स्त्रीकेसर।

**प्रश्न 108- पुष्प की पंखुड़ियों को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** दल।

**प्रश्न 109- दल के बाहर हरी पत्ती सदृश्य संरचना क्या कहलाती है?** **उत्तर-** वाह्यदल।

प्रश्न **110-** किन्ही दो कीटभक्षी पौधों के नाम बताइए। **उत्तर-** वीनस फ्लाई ट्रेप, नेपेन्थीस

**प्रश्न 111- कुकुरमुत्ता किस प्रकार का पौधा है?** **उत्तर-** मृतोपजीवी।

**प्रश्न 112- मधुमक्खी के छत्ते में कितने प्रकार की मधमक्खियाँ पायी जाती हैं?**
**उत्तर-** ***3 प्रकार की:-*** रानी, नर (ड्रोन), श्रमिक।

**प्रश्न 113- प्रत्येक छत्ते में रानी मधुमक्खियों की संख्या कितनी होती है?** **उत्तर-** 1 (एक)।

**प्रश्न 114- छत्ते में सबसे ज्यादा कौन सी मधुमक्खियाँ पायी जाती हैं?** **उत्तर-** श्रमिक मधुमक्खी।

**प्रश्न 115- मधुमक्खी पालन क्या कहलाता है?** **उत्तर-** एपिकल्चर।

**प्रश्न 116- रेशमकीट पालन क्या कहलाता है?** **उत्तर-** सेरीकल्चर।

**प्रश्न 117- मत्स्य पालन क्या कहलाता है?** **उत्तर-** पिसीकल्चर।

**प्रश्न 118- मनुष्यों में जीवाणुओं से होने वाले रोगों के नाम बताइए।**
**उत्तर-** क्षय (टी.बी.), टायफॉइड, निमोनिया, टिटनस, कुष्ठ रोग, काली खाँसी, डिफ्थीरिया आदि।

**प्रश्न 119- मनुष्यों में विषाणुओं से होने वाले रोगों के नाम बताइए।**
**उत्तर-** रेबीज, खसरा, हेपेटाइटिस, पोलियो, एड्स, चेचक, डेंगू ज्वर, इन्फ्लूएंजा आदि।
**प्रश्न 120- जल का वाष्प बनकर उड़ना क्या कहलाता है?** **उत्तर-** वाष्पन।
**प्रश्न 121- जलवाष्प का ठंडा होकर द्रव में बदलने की क्रिया क्या कहलाती है?** **उत्तर-** संघनन।
**प्रश्न 122- भोजन संचित करने वाले भूमिगत तनों के उदाहरण बताइए।** **उत्तर-** आलू, अदरक, हल्दी।
**प्रश्न 123- मूली, गाजर, शलजम, शकरकन्द का खाया जाने वाला भाग कौन सा है?** **उत्तर-** जड़।
**प्रश्न 124- कोशिका की खोज किसने की?** **उत्तर-** रॉबर्ट हुक।
**प्रश्न 125- शरीर का तापमान किस यंत्र से नापते हैं?** **उत्तर-** थर्मामीटर।

## खण्ड 6, सामान्य गणित (प्रश्नों की संख्या- 100)

**प्रश्न 1- प्राकृतिक संख्याएँ किसे कहते हैं?**
**उत्तर-** ऐसी संख्याएँ जो वस्तुओं के गिनने के काम आती हैं, उन्हें प्राकृतिक संख्याएँ कहते हैं। *जैसे-* 1, 2, 3, 4, 5…अनन्त।
**प्रश्न 2- पूर्ण संख्याएँ किसे कहते हैं?**
**उत्तर-** यदि प्राकृतिक संख्या में 0 (शून्य) को भी शामिल कर लिया जाए तो वे संख्याएँ पूर्ण संख्याएँ कहलाती हैं। *जैसे-* 0, 1, 2, 3, 4, 5,……अनन्त।
**प्रश्न 3- पूर्णांक संख्याएँ किसे कहते हैं?**
**उत्तर-** यदि पूर्ण संख्याओं में ऋणात्मक संख्याओं को भी शामिल कर लिया जाए तो उन्हें पूर्णांक संख्याएँ कहते हैं। *जैसे-* -5, -4, -3, -2, -1, 0, 1, 2, 3, 4,…….अनन्त।
**प्रश्न 4- सम संख्याएँ किसे कहते हैं?**
**उत्तर-** जो संख्याएँ 2 से पूर्ण विभाजित हो जाती हैं, वे सम संख्याएँ कहलाती हैं। *जैसे-* 2, 4, 12, 110, 226 आदि।
**प्रश्न 5- बिना 2 से भाग दिए सम संख्याओं की पहचान कैसे की जा सकती है?**
**उत्तर-** जिन संख्याओं में इकाई का अंक 0, 2, 4, 6, 8 में से कोई अंक हो तो वे सम संख्याएँ होंगी।
**प्रश्न 6- सबसे छोटी सम संख्या कौन सी है?** **उत्तर-** 2 (दो)
**प्रश्न 7- विषम संख्याएँ किसे कहते हैं?**
**उत्तर-** जो संख्याएँ 2 से पूरा-पूरा विभाजित नहीं होती हैं, वे विषम संख्याएँ कहलाती हैं। *जैसे-* 1, 3, 7, 21, 233, 449 आदि।
**प्रश्न 8- बिना 2 से भाग दिए विषम संख्याओं की पहचान कैसे करेंगे?**
**उत्तर-** जिन संख्याओं में इकाई का अंक 1, 3, 5, 7, 9 में से कोई अंक हो, तो वे विषम संख्याएँ होंगी।
**प्रश्न 9- सबसे छोटी विषम संख्या कौन सी है?** **उत्तर-**1 (एक)
**प्रश्न 10- भाज्य या यौगिक संख्याएँ किसे कहते हैं?**
**उत्तर-** ऐसी संख्याएँ जिनके दो से अधिक अपवर्तक (गुणनखण्ड) हों भाज्य या यौगिक संख्याएँ कहलाती हैं अर्थात् जो संख्याएँ 1 व स्वयं के अतिरिक्त अन्य किसी भी संख्या से भी विभाजित हो जाती हैं, भाज्य संख्याएँ कहलाती हैं। *जैसे-* 18, 24, 52 आदि।
**प्रश्न 11- सबसे छोटी भाज्य संख्या कौन सी है?** **उत्तर-** 4 (चार)
**प्रश्न 12- अभाज्य (रूढ़) संख्याएँ किसे कहते हैं?**

**उत्तर-** जिन संख्याओं के केवल 2 ही अपवर्तक (गुणनखण्ड) होते हैं, अभाज्य (रूढ़) संख्याएँ कहलाती हैं अर्थात् जो संख्याएँ 1 से व स्वयं से ही विभाजित होती है, अन्य किसी संख्या से विभाजित नहीं होती है, अभाज्य संख्याएँ कहलाती हैं। *जैसे-* 3, 7, 13, 17, 61 आदि।

**प्रश्न 13- सबसे छोटी अभाज्य संख्या कौन सी होती है?** **उत्तर-** 2 (दो)

**प्रश्न 14- 1 भाज्य है या अभाज्य, बताइए।** **उत्तर-** 1 न तो भाज्य है और न ही अभाज्य।

**प्रश्न 15- सह - अभाज्य संख्याएँ किसे कहते हैं?**

**उत्तर-** जब दी हुई संख्याओं का उभयनिष्ठ अपवर्तक केवल 1 हो तो वे संख्याएँ सह-अभाज्य संख्याएँ कहलाती हैं। *जैसे-* 9, 16

**प्रश्न 16- दो क्रमागत संख्याएँ सदैव क्या होती हैं? भाज्य, अभाज्य, सह - अभाज्य।** **उत्तर-** सह - अभाज्य।

**प्रश्न 17- किसी संख्या के अपवर्त्य (गुणज) से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर-** किसी संख्या का अपवर्त्य (गुणज) उस संख्या को किसी भी संख्या से गुणा करने पर प्राप्त होता है। *जैसे-* 4 के अपवर्त्य- 4, 8, 12, 16 आदि।

**प्रश्न 18- किसी संख्या के अपवर्तक (गुणनखण्ड) से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर-** कोई भी संख्या जिन - जिन संख्याओं से विभाजित हो जाती है, वे सभी संख्याएँ अपवर्तक (गुणनखण्ड) कहलाती हैं। *जैसे-* 18 के अपवर्तक- 1, 2, 3, 6, 9, 18।

**प्रश्न 19- किसी भी संख्या का सबसे छोटा अपवर्तक कौन सी संख्या होती है?** **उत्तर-** 1 (एक)।

**प्रश्न 20- किसी भी संख्या का सबसे बड़ा अपवर्तक कौन सी संख्या होती है?** **उत्तर-** स्वयं वह संख्या।

**प्रश्न 21- लघुत्तम समापवर्त्य से आप क्या समझते हैं?**

**उत्तर-** दो या दो से अधिक संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य दी हुई सभी संख्याओं का सबसे छोटा उभयनिष्ठ अपवर्त्य होता है।

**प्रश्न 22- सह - अभाज्य संख्याओं का लघुत्तम समापवर्त्य क्या होता है?** **उत्तर-** उन संख्याओं का गुणनफल।

**प्रश्न 23- महत्तम समापवर्तक से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर-** दो या दो से अधिक संख्याओं का महत्तम समापवर्तक दी हुई सभी संख्याओं का सबसे बड़ा उभयनिष्ठ अपवर्तक होता है।

**प्रश्न 24- सह - अभाज्य संख्याओं का म. स. कितना होगा?** **उत्तर-** 1 (एक)।

**प्रश्न 25- 4 अंकों की सबसे बड़ी संख्या बताइए।** **उत्तर-** 9999

**प्रश्न 26- 4 अंकों की सबसे छोटी संख्या बताइए।** **उत्तर-** 1000

**प्रश्न 27- शून्य का स्थानीय मान प्रत्येक स्थान पर कितना होता है?** **उत्तर-** शून्य (0)

**प्रश्न 28- किसी भी संख्या में 1 जोड़ने पर जो संख्या प्राप्त होती है, उसे उस संख्या की क्या कहते हैं?**

**उत्तर-** अनुवर्ती संख्या।

**प्रश्न 29- किसी भी संख्या में से 1 घटाने पर जो संख्या प्राप्त होती है, उसे उस संख्या की क्या कहते हैं?**

**उत्तर-** पूर्ववर्ती संख्या।

**प्रश्न 30- जब दो या दो से अधिक संख्याएँ जोड़ी जाती हैं, तो इन्हें क्या कहते हैं?** **उत्तर-** योज्य।

**प्रश्न 31- दो या दो से अधिक संख्याओं को जोड़ने पर जो उत्तर प्राप्त होता है, उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** योगफल।

**प्रश्न 32- किसी भी संख्या में शून्य जोड़ने पर योगफल क्या प्राप्त होता है?** **उत्तर-** वही संख्या।

**प्रश्न 33- जिस संख्या से किसी संख्या को घटाया जाता है, उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** वियोज्य।

**प्रश्न 34- जिस संख्या को किसी संख्या से घटाया जाता है, उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** वियोजक।

**प्रश्न 35- वियोज्य से वियोजक को घटाने पर जो प्राप्त होता है, उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** अंतर।



मिशन शिक्षण संवाद

**प्रश्न 36- किसी संख्या से शून्य घटाने पर क्या प्राप्त होगा?** **उत्तर-** वही संख्या।
**प्रश्न 37- जिस संख्या से किसी संख्या को गुणा किया जाता है, उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** गुण्य।
**प्रश्न 38- गुण्य से जिस संख्या को गुणा करते हैं, उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** गुणक।
**प्रश्न 39- गुण्य से गुणक को गुणा करने पर जो उत्तर प्राप्त होता है, उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** गुणनफल।
**प्रश्न 40- किसी संख्या और 1 का गुणनफल कितना आता है?** **उत्तर-** वही संख्या।
**प्रश्न 41-किसी संख्या और शून्य का गुणनफल कितना आता है?** **उत्तर-** सदैव शून्य।
**प्रश्न 42- जिस संख्या से किसी संख्या को भाग दिया जाता है, उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** भाजक।
**प्रश्न 43- जिस संख्या में भाग दिया जाता है, उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** भाज्य।
**प्रश्न 44- भाजक से भाज्य को भाग देने पर जो संख्या प्राप्त होती है, उसे क्या कहते हैं ?** **उत्तर-** भागफल।
**प्रश्न 45- भाजक से भाज्य को भाग देने पर अंत में जो संख्या बच जाती है, उसे क्या कहते हैं?** **उत्तर-** शेषफल।
**प्रश्न 46- भाज्य ज्ञात करने का सूत्र बताइए।** **उत्तर-** भाज्य = भाजक × भागफल + शेषफल।
**प्रश्न 47- शून्य में किसी संख्या से भाग देने पर भागफल कितना प्राप्त होता है?** **उत्तर-** शून्य।
**प्रश्न 48- किसी संख्या में उसी संख्या से भाग देने पर भागफल क्या प्राप्त होता है?** **उत्तर-**1 (एक)।
**प्रश्न 49- क्या किसी संख्या में शून्य से भाग देना सम्भव है?** **उत्तर-** नहीं।
**प्रश्न 50- मिश्र संक्रियाओं के प्रश्नों को हल करने का निश्चित क्रम क्या है?** **उत्तर-** भाग - गुणा - जोड़ - घटाना।
**प्रश्न 51- श्री निवास रामानुजन (महान गणितज्ञ) का जन्मदिन (22 दिसम्बर) को किस रूप में मनाया जाता है?**
**उत्तर-** गणित दिवस।
**प्रश्न 52- प्रसिद्ध गणितीय ग्रंथ 'लीलावती' की रचना किसने की?** **उत्तर-** भाष्कराचार्य द्वितीय।
**प्रश्न 53- महान गणितज्ञ अन्ना स्वामी रंगनाथ राव (ए. आर. राव) का जन्म कब व कहाँ हुआ?**
**उत्तर-** 23 सितम्बर 1908, तमिलनाडु में।
**प्रश्न 54- ए. आर. राव. ने गुजरात में कौन सा विशेष कार्य किया?**
**उत्तर-** गुजरात में गणित की प्रथम प्रयोगशाला स्थापित की।
**प्रश्न 55- महान गणितज्ञ स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ कहाँ के शंकराचार्य थे?** **उत्तर-** जगन्नाथपुरी के।
**प्रश्न 56- स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ ने वैदिक गणित के कितने सूत्र व उपसूत्र दिए?** **उत्तर-** 16 सूत्र व 13 उपसूत्र।
**प्रश्न 57- हिंदी अरेबिक दशमलव संख्या पद्धति को सर्वप्रथम लिखने वाला गणितज्ञ किसे माना जाता है?**
**उत्तर-** भाष्कराचार्य प्रथम।
**प्रश्न 58- महान भारतीय अमेरिकी गणितज्ञ राज चन्द्र बोस का जन्म कहाँ हुआ ?** **उत्तर-** होशंगाबाद (मध्यप्रदेश)।
**प्रश्न 59- ऐसी भिन्न जिसका अंश हर से छोटा होता है, क्या कहलाती है?** **उत्तर-** सम भिन्न।
**प्रश्न 60- ऐसी भिन्न जिसका अंश हर से बड़ा होता, क्या कहलाती है?** **उत्तर-** विषम भिन्न।
**प्रश्न 61- जब पूर्ण संख्या के साथ सम भिन्न को मिलाकर लिखते हैं तो ऐसी भिन्न को क्या कहते हैं?**
**उत्तर-** मिश्र भिन्न।
**प्रश्न 62- 1 किलोमीटर में कितने मीटर होते हैं?** **उत्तर-** 1000 मीटर।
**प्रश्न 63- 1 ग्राम में कितने किलोग्राम होते हैं?** **उत्तर-** 0.001 किलोग्राम।
**प्रश्न 64- 1 मिलीलीटर में कितने लीटर होते हैं?** **उत्तर-** 0.001 लीटर।
**प्रश्न 65- वर्ग के परिमाप का सूत्र लिखिए।** **उत्तर-** 4 × भुजा की माप।
**प्रश्न 66- आयत के परिमाप का सूत्र लिखिए।** **उत्तर-** 2 × (लम्बाई + चौड़ाई)
**प्रश्न 67- वर्ग के क्षेत्रफल का सूत्र लिखिए।** **उत्तर-** भुजा × भुजा।
**प्रश्न 68- आयत के क्षेत्रफल का सूत्र लिखिए।** **उत्तर-** लम्बाई × चौड़ाई।



मिशन शिक्षण संवाद

**प्रश्न 69-1 दिन में कितने सेकंड होते हैं?** **उत्तर-** 86,400 सेकंड।
**प्रश्न 70- 1 वर्ष में कितने दिन होते हैं?** **उत्तर-** 365 दिन।
**प्रश्न 71- कोई वर्ष अधिवर्ष (leap year) है, इसकी जानकारी कैसे करेंगे?**
**उत्तर-** शताब्दी वर्ष को छोड़कर जो वर्ष जो 4 से पूरा - पूरा विभाजित हो जाते हैं,वे वर्ष अधिवर्ष (leap year) कहलाते हैं। *जैसे-* 2008, 2012, 2016 आदि।
**प्रश्न 72- अधिवर्ष में (पूरे वर्ष में) कितने दिन होते हैं?** **उत्तर-** 366 दिन।
**प्रश्न 73- अधिवर्ष में फरवरी माह में कितने दिन होते हैं?** **उत्तर-** 29 दिन।
**प्रश्न 74- किसी भी वस्तु के खरीद मूल्य को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** क्रय मूल्य।
**प्रश्न 75- किसी भी वस्तु के बेंचने के मूल्य को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** विक्रय मूल्य।
**प्रश्न 76- यदि क्रय मूल्य विक्रय मूल्य से कम है तो लाभ होगा या हानि।** **उत्तर-** लाभ।
**प्रश्न 77- यदि क्रय मूल्य विक्रय मूल्य से ज्यादा है तो लाभ होगा या हानि।** **उत्तर-** हानि।
**प्रश्न 78- किसी निश्चित समय (अवधि) के बाद मूलधन पर प्राप्त अतिरिक्त धन क्या कहलाता है?** **उत्तर-** ब्याज।
**प्रश्न 79- मूलधन में ब्याज जोड़ने पर प्राप्त धनराशि क्या कहलाती है?** **उत्तर-** मिश्रधन।
**प्रश्न 80- साधारण ब्याज निकालने का सूत्र लिखिए।** **उत्तर-** (मूलधन × दर × समय) ÷ 100
**प्रश्न 81- 90° के कोण को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** समकोण।
**प्रश्न 82- 180° के कोण को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** ऋजुकोण।
**प्रश्न 83- 360° के कोण को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** सम्पूर्ण कोण।
**प्रश्न 84- वह कोण जो 180° से बड़ा और 360° से कम हो, क्या कहलाता है?** **उत्तर-** वृहत कोण।
**प्रश्न 85- किसी त्रिभुज के तीनों अंतः कोणों का योगफल कितना होता है?** **उत्तर-** 180°
**प्रश्न 86- जिस त्रिभुज की तीनों भुजाएं बराबर हों, उस त्रिभुज को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** समबाहु त्रिभुज।
**प्रश्न 87- जिस त्रिभुज की दो भुजाएं बराबर हों, उस त्रिभुज को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** समद्विबाहु त्रिभुज।
**प्रश्न 88- जिस त्रिभुज की सभी भुजाएं असमान हों, उस त्रिभुज को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** विषमबाहु त्रिभुज।
**प्रश्न 89- किसी वृत्त के व्यास और त्रिज्या में क्या सम्बन्ध होता है?** **उत्तर-** व्यास = 2 × त्रिज्या।
**प्रश्न 90- घनाभ के आयतन का सूत्र लिखिए।** **उत्तर-** लम्बाई × चौड़ाई × ऊंचाई।
**प्रश्न 91- घन के आयतन का सूत्र लिखिए।** **उत्तर-** भुजा × भुजा × भुजा।
**प्रश्न 92- इनमें से अभाज्य संख्याएँ छाँट कर लिखिए। 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29** **उत्तर-** 23, 29
**प्रश्न 93- इनमें से भाज्य संख्याएँ छाँट कर लिखिए। 40, 41, 42, 43, 44, 45** **उत्तर-** 40, 42, 44, 45
**प्रश्न 94- 24 के सभी अपवर्तकों का योगफल कितना होगा?** **उत्तर-** 60
**प्रश्न 95- 11 व 12 (सह - अभाज्य संख्याएँ) ल. स. कितना होगा?** **उत्तर-** 132
**प्रश्न 96- 21 व 22 (सह - अभाज्य) का म. स. कितना होगा?** **उत्तर-** 1(एक)।
**प्रश्न 97- एक विद्यालय में 120 बच्चे पढ़ते हैं,उसमें से 40% लड़कियाँ पढ़ती हैं ,बताओ कितनी लड़कियाँ पढ़ती हैं?**
**उत्तर-** 48 लड़कियाँ।
**प्रश्न 98- समबाहु त्रिभुज का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है?** **उत्तर-** 60°
**प्रश्न 99- एक घन की भुजा 11 सेंटीमीटर है, उसका आयतन कितना होगा?** **उत्तर-** 1331 घन सेंटीमीटर।
**प्रश्न 100- 1 से 20 तक की सम संख्याओं का योगफल कितना होगा?** **उत्तर-** 110।

## खण्ड 7, सामान्य हिंदी (प्रश्नों की संख्या - 100)

**प्रश्न 1- हिंदी वर्णमाला में मूल रूप से कितने स्वर होते हैं?** **उत्तर-** 11 स्वर।
**प्रश्न 2- 'अं' और अः को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** अयोगवाह।
**प्रश्न 3- 'स्पर्श व्यंजन' की संख्या कितनी होती है?** **उत्तर-** 25 (पच्चीस)।
**प्रश्न 4- 'अन्तःस्थ व्यंजन' कितने होते हैं?** **उत्तर-** 4 (चार), य, र, ल, व।
**प्रश्न 5- 'ऊष्म व्यंजन' कितने होते हैं?** **उत्तर-** 4(चार), श, ष, स, ह।
**प्रश्न 6-'संयुक्त वर्ण' कौन - कौन से होते हैं?** **उत्तर-** क्ष, त्र, ज्ञ, श्र।
**प्रश्न 7- हिंदी वर्णमाला में कुल कितने वर्ण होते हैं?** **उत्तर-** 52 वर्ण।
**प्रश्न 8- भारत की राष्ट्र भाषा क्या है?** **उत्तर-** हिंदी।
**प्रश्न 9- भारत की राजभाषा क्या है?** **उत्तर-** हिंदी व अंग्रेजी।
**प्रश्न 10- संस्कृत, हिंदी, गुजराती, नेपाली और मराठी भाषाओं की लिपि क्या है?** **उत्तर-** देवनागरी।
**प्रश्न 11- पंजाबी भाषा की लिपि क्या है?** **उत्तर-** गुरुमुखी।
**प्रश्न 12- किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को क्या कहते हैं?** **उत्तर-** संज्ञा।
**प्रश्न 13- संज्ञा के मुख्य रूप से कितने भेद होते हैं?**
**उत्तर-** ***3 भेदः-*** 1-व्यक्तिवाचक संज्ञा, 2- जातिवाचक संज्ञा, 3-भाववाचक संज्ञा।
**प्रश्न 14- निम्न में से संज्ञा शब्द नहीं है-प्रसन्नता, कार, सुंदर, उदासी।** **उत्तर-** सुंदर।
**प्रश्न 15- 'प्रसन्नता' शब्द किस प्रकार की संज्ञा है?** **उत्तर-** भाववाचक संज्ञा।
**प्रश्न 16- जातिवाचक संज्ञा के कौन से दो प्रकार हैं?** **उत्तर-** समूहवाचक संज्ञा, द्रव्यवाचक संज्ञा।
**प्रश्न 17- हिंदी भाषा में लिंग कितने प्रकार के होते हैं?** **उत्तर-** *दो प्रकार के:-* 1- पुल्लिंग 2- स्त्रीलिंग।
**प्रश्न 18- चीता का स्त्रीलिंग शब्द बताओ।** **उत्तर-** मादा चीता।
**प्रश्न 19- छिपकली का पुल्लिंग शब्द क्या होगा?** **उत्तर-** नर छिपकली।
**प्रश्न 20- पुजारी का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा?** **उत्तर-** पुजारिन।
**प्रश्न 21- बकरी का पुल्लिंग शब्द क्या होगा?** **उत्तर-** बकरा।
**प्रश्न 22- हिंदी भाषा में कितने वचन होते हैं?** **उत्तर-** 1-एकवचन 2- बहुवचन
**प्रश्न 23- छात्रा शब्द का बहुवचन क्या होगा?** **उत्तर-** छात्राएँ।
**प्रश्न 24- अध्यापक का बहुवचन शब्द क्या होगा?** **उत्तर-** अध्यापकगण।
**प्रश्न 25- प्राण, आँसू, होश शब्द एकवचन हैं या बहुवचन।** **उत्तर-** बहुवचन।
**प्रश्न 26- माता का बहुवचन शब्द होगा?** **उत्तर-** माताएँ।
**प्रश्न 27- संज्ञा के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग होता है, उन्हें क्या कहते हैं?** **उत्तर-** सर्वनाम।
**प्रश्न 28- सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?**
**उत्तर-** ***सर्वनाम के 6 भेद होते हैं-*** 1- पुरुषवाचक, 2- निश्चयवाचक, 3- अनिश्चय वाचक
4- संबंधवाचक, 5- प्रश्नवाचक, 6-निजवाचक सर्वनाम
**प्रश्न 29- यह, ये, इसने, इसे, इसको इसके, इनसे शब्द किस प्रकार के सर्वनाम हैं?** **उत्तर-** निश्चयवाचक सर्वनाम।
**प्रश्न 30- अपने - आप, स्वयं, खुद आदि शब्द किस प्रकार के सर्वनाम हैं?** **उत्तर-** निजवाचक सर्वनाम।
**प्रश्न 31- कोई, कुछ, कहीं, किन्हीं आदि शब्द किस प्रकार के सर्वनाम हैं?** **उत्तर-** अनिश्चयवाचक सर्वनाम।
**प्रश्न 32- 'आप अभी तक बैठे ही हैं।' इस वाक्य में सर्वनाम शब्द बताओ।** **उत्तर-** आप।
**प्रश्न 33- संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?** **उत्तर-** विशेषण।

**प्रश्न 34- विशेषण के कितने भेद होते हैं?**

**उत्तर-** ***चार भेदः-*** 1- गुणवाचक विशेषण, 2- संख्यावाचक विशेषण
3- परिमाण वाचक विशेषण, 4- संकेतवाचक विशेषण

**प्रश्न 35- चतुर सियार ने सारस को चकमा दिया। इस वाक्य में 'चतुर' शब्द किस प्रकार का विशेषण है?**

**उत्तर-** गुणवाचक विशेषण।

**प्रश्न 36- 'बाग में 5 बच्चे खेल रहे हैं।' इस वाक्य में 5 किस प्रकार का विशेषण है? उत्तर-** संख्यावाचक विशेषण।

**प्रश्न 37- दो लीटर, तीन किलो, पचास ग्राम, एक पाव इन शब्दों में किस प्रकार का विशेषण है?**

**उत्तर-** परिमाणवाचक विशेषण।

**प्रश्न 38- 'मुझे पता था कि यह घड़ी उसकी है।' इस वाक्य में संकेतवाचक विशेषण है। उत्तर-** यह।

**प्रश्न 39- जिस शब्द से किसी कार्य के करने या होने का बोध होता है, उसे क्या कहते हैं? उत्तर-** क्रिया।

**प्रश्न 40- कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद होते हैं? उत्तर-** *दो भेदः-* 1-अकर्मक क्रिया, 2- सकर्मक क्रिया।

**प्रश्न 41- 'घोड़े भाग रहे हैं।' इसमें भागने में कौन सी क्रिया है? उत्तर-** अकर्मक क्रिया।

**प्रश्न 42- 'राधिका पत्र पढ़ रही है।' इस वाक्य में पढ़ना कौन सी क्रिया है? उत्तर-** सकर्मक क्रिया।

**प्रश्न 43- 'काल' मुख्य रूप से कितने भेद होते हैं? उत्तर-** *3 भेदः-* 1- भूतकाल, 2- वर्तमानकाल, 3- भविष्यकाल

**प्रश्न 44- 'शायद गीता कल नाचे' यह वाक्य किस काल को व्यक्त करता है? उत्तर-** भविष्यकाल।

**प्रश्न 45- जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें क्या कहते हैं? उत्तर-** क्रिया विशेषण।

**प्रश्न 46- क्रिया विशेषण के कितने भेद होते हैं?**

**उत्तर-** *4 भेदः-* 1-रीतिवाचक, 2-स्थानवाचक, 3-कालवाचक, 4-परिमाणवाचक

**प्रश्न 47- 'गौरव जोर से चिल्लाया' इस वाक्य में 'जोर' शब्द में कौन सा क्रिया विशेषण है?**

**उत्तर-** रीतिवाचक क्रियाविशेषण।

**प्रश्न 48- 'महात्मा जी प्रतिदिन पूजा करते हैं।'इस वाक्य में 'प्रतिदिन' शब्द में कौन सा क्रिया विशेषण है?**

**उत्तर-** कालवाचक क्रियाविशेषण।

**प्रश्न 49- एक जैसे अर्थ देने वाले शब्दों को क्या कहा जाता है? उत्तर-** समानार्थी या पर्यायवाची शब्द।

**प्रश्न 50- देवनदी, भागीरथी, मंदाकिनी, रजनीपति। इनमें से कौन सा शब्द गंगा का पर्यायवाची शब्द नहीं है?**

**उत्तर-** रजनीपति।

**प्रश्न 51- 'आकाश' के 5 पर्यायवाची शब्द बताइए। उत्तर-** आसमान, गगन, नभ, अम्बर, व्योम।

**प्रश्न 52- 'सूरज' शब्द के 5 पर्यायवाची शब्द बताइए। उत्तर-** सूर्य, रवि, भानु, दिनकर, दिवाकर।

**प्रश्न 53-'कमल' शब्द के 5 पर्यायवाची शब्द लिखिए। उत्तर-** जलज, पंकज, नीरज, वारिज, अम्बुज।

**प्रश्न 54- विपरीत अर्थ बताने वाले शब्द को क्या कहते हैं? उत्तर-** विलोम शब्द या विपरीतार्थक शब्द।

**प्रश्न 55- महात्मा का विलोम शब्द क्या होगा? उत्तर-** दुरात्मा।

**प्रश्न 56- 'पाप' का विलोम 'पापी' होता है या 'पुण्य'। उत्तर-** पुण्य।

**प्रश्न 57- 'धर्म' का विलोम शब्द होता है- अधर्म, पाप, पुण्य। उत्तर-** अधर्म।

**प्रश्न 58- जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थात् अनेक अर्थ होते हैं, उन शब्दों को क्या कहते हैं?**

**उत्तर-** अनेकार्थी शब्द।

**प्रश्न 59- 'जड़' के दो अर्थ बताइए। उत्तर-** मूर्ख, पेड़ की जड़।

प्रश्न **60-** पानी के दो अर्थ बताइए। **उत्तर-** इज़्ज़त, जल।

**प्रश्न 61- 'अंक' का अर्थ नहीं है-** ***गोद, गिनती, अंग*** **उत्तर-** अंग।

**प्रश्न 62-** 'जो केवल दूध पीता हो' **इस वाक्यांश के लिए एक शब्द बताइए। उत्तर-** दुग्धाहारी।

**प्रश्न 63- 'कम बोलने वाला' केलिए एक शब्द बताइए।** **उत्तर-** मितभाषी।

**प्रश्न 64- 'उपकार' न मानने वाला' के लिए एक शब्द बताइए।** **उत्तर-** कृतघ्न।

**प्रश्न 65- 'जो ईश्वर में विश्वास रखता हो' के लिए एक शब्द बताइए।** **उत्तर-** आस्तिक।

**प्रश्न 66- 'कहानी लिखने वाला' के लिए एक शब्द बताइए।** **उत्तर-** कहानीकार।

**प्रश्न 67- शुद्ध शब्द छाँटिए-** *आर्शीवाद / आशीर्वाद* **उत्तर-** आशीर्वाद।

**प्रश्न 68- शुद्ध शब्द का चयन कीजिए।** सन्यासी / संन्यासी **उत्तर-** संन्यासी।

**प्रश्न 69- अशुद्ध वाक्य है:-** *1-वृक्ष से पत्ते गिरे। 2-वृक्ष से पत्ता गिरे। 3- वृक्ष से पत्ता गिरा।*

**उत्तर-** वृक्ष से पत्ता गिरे।

**प्रश्न 70- स्वस्थ / स्वस्थ्य में कौन सा शब्द शुद्ध है?** **उत्तर-** स्वस्थ।

**प्रश्न 71-' ईद का चाँद होना' मुहावरे का क्या अर्थ है?** **उत्तर-** बहुत दिन बाद दिखाई देना।

**प्रश्न 72- 'नानी याद आना' मुहावरे का क्या अर्थ है?** **उत्तर-** मुश्किल महसूस करना।

**प्रश्न 73- 'पानी - पानी होना' मुहावरे का क्या अर्थ है?** **उत्तर-** अत्यंत लज्जित होना।

**प्रश्न 74- 'टेढ़ी खीर' मुहावरे का क्या अर्थ है**? **उत्तर-** कठिन काम।

**प्रश्न 75-'कोल्हू का बैल' मुहावरे का क्या अर्थ है?** **उत्तर-** दिन - रात काम में लगे रहना।

**प्रश्न 76- 'दूध बताशा' और 'शिशु भारती' किस कवि की प्रसिद्ध का प्रसिद्ध बालगीत संग्रह है?**

**उत्तर-** सोहनलाल द्विवेदी जी की।

**प्रश्न 77- महादेवी वर्मा की पाँच प्रमुख रचनाएँ बताइए।**

**उत्तर-** नीरजा, नीहार, सांध्यगीत, दीपशिखा, पथ के साथी।

**प्रश्न 78- लोकायतन, चिदम्बरा, किस कवि की रचना है?** **उत्तर-** सुमित्रानंदन पन्त जी की।

**प्रश्न 79- साखी, सबद, रमैनी किस कवि की रचनाएं हैं?** **उत्तर-** कबीरदास जी की।

**प्रश्न 80- रहीम सतसई, रहीम दोहावली किस कवि की रचनाएँ हैं?** **उत्तर-** रहीमदास जी की।

**प्रश्न 81- 'सूरसागर' महाकाव्य की रचना किसने की?** **उत्तर-** सूरदास जी ने।

**प्रश्न 82- कुरुक्षेत्र, उर्वशी, रश्मिरथी, संस्कृति के चार अध्याय किस कवि की रचनाएँ हैं?**

**उत्तर-** रामधारी सिंह दिनकर जी की।

**प्रश्न 83-'कामायनी' महाकाव्य की रचना किसने की?** **उत्तर-** जयशंकर प्रसाद जी ने।

**प्रश्न 84- चंद्रगुप्त, कंकाल, तितली, किसकी कहानियाँ हैं**? **उत्तर-** जयशंकर प्रसाद जी की।

**प्रश्न 85-'हल्दीघाटी' और 'जौहर' महाकाव्य की रचना किसने की?** **उत्तर-** श्यामनारायण पाण्डेय जी ने।

**प्रश्न 86- प्रसिद्ध लोकप्रिय ग्रंथ राम 'चरितमानस' की रचना किसने की**? **उत्तर-** तुलसीदास जी ने।

**प्रश्न 87- जानकीमंगल, विनयपत्रिका, वैराग्यसंदीपनी किस महाकवि की रचनाएँ हैं?** **उत्तर-** तुलसीदास जी की।

**प्रश्न 88- सुजान रसखान, प्रेमवाटिका, रसखान शतक किस कवि की रचनाएँ हैं?** **उत्तर-** रसखान जी की।

**प्रश्न 89- बिखरे मोती, झाँसी की रानी, वीरों का कैसा हो बसन्त किसकी रचनाएँ हैं।**

**उत्तर-** सुभद्राकुमारी चौहान जी की।

**प्रश्न 90- 'गोदान' किसका प्रमुख विन्यास है?** **उत्तर-** मुंशी प्रेमचंद जी की।

**प्रश्न 91 मीराबाई की रचनाओं में किसका वर्णन किया गया है?** **उत्तर-** कृष्ण के प्रेम भाव का वर्णन।

**प्रश्न 92- तुलसीदास का जन्म कहाँ हुआ था?** **उत्तर-** उत्तरप्रदेश के बाँदा जिले के राजपुर ग्राम में।

**प्रश्न 93- श्यामनारायण पाण्डेय किस रस के कवि हैं?** **उत्तर-** वीररस के कवि।

**प्रश्न 94- कवि सोहनलाल द्विवेदी का जन्म कहाँ हुआ था?** **उत्तर-** फतेहपुर जिले के बिंदकी कस्बे में।

**प्रश्न 95- आधुनिक युग की मीरा किसे कहते हैं?** **उत्तर-** महादेवी वर्मा को।

**प्रश्न 96- रहीमदास का पूरा नाम क्या है?** **उत्तर-** अब्दुर्रहीम खानखाना।
**प्रश्न 97- प्रकृति का सुकुमार कवि किसे कहा जाता है?** **उत्तर-** सुमित्रानंदन पन्त।
**प्रश्न 98-अकबर के नवरत्नों में से थे- *कबीरदास, रहीमदास, तुलसीदास*** **उत्तर-** रहीमदास।
**प्रश्न 99- महादेवी वर्मा का जन्म कहाँ हुआ था?** **उत्तर-** फर्रुखाबाद।
**प्रश्न 100- "मैं हिन्द का हूँ, हिन्द मेरा है प्यार वतन। वतन के लिए प्यार ही मेरा ईमान है। मैं एक ईमानदार वतनपरस्त रहकर हिंद की मिट्टी में मिल जाना चाहता हूँ।" यह किसका कथन है?**
**उत्तर-** अमीरखुसरो (प्रसिद्ध सूफी संत)।

## खण्ड - 8, संक्षिप्त शब्दों के पूर्ण रूप व प्रसिद्ध पुस्तकों के लेखक

(प्रश्नों की संख्या - 25)

**प्रश्न क्रमांक1 से 10 तक दिए हुए शब्दों के पूर्ण रूप दिए जा रहे हैं–**

1- P.M.-----Prime Minister (प्राइम मिनिस्टर)
2- C.M.----Chief Minister (चीफ़ मिनिस्टर)
3- B.A.---Bachelor of Arts (बैचलर ऑफ आर्ट्स)
4- B.Sc.--Bachelor of Science (बैचलर ऑफ साइंस)
5- M.B.B.S.-- Bachelor of Medicine and Bachelor of surgery (बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी)
6-M.D.--Doctor of Medicine (डॉक्टर ऑफ मेडिसिन)
7- D.M.-- District Magistrate (डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट)
8- S.D.M.--Sub Divisional Magistrate ( सब डिविजनल मजिस्ट्रेट)
9- I. A.S.--Indian Administrative Service (इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस)
10- P.C.S.-- Provincial Civil Service (प्रोविंशियल सिविल सर्विस)

**प्रश्न क्रमांक 11 से 25 तक प्रसिद्ध पुस्तकों के लेखक के नाम दिए जा रहे हैं–**

11- हर्षचरित ---बाणभट्ट
12- अर्थशास्त्र--कौटिल्य
13- महाभारत--वेदव्यास
14- बीजक-----कबीरदास
15- आनंद मठ-- बंकिमचंद्र चटर्जी
16- डिस्कवरी ऑफ इंडिया--जवाहरलाल नेहरु
17- गीतांजलि--- रवींद्र नाथ टैगोर
18- गीता रहस्य--बाल गंगाधर तिलक
19-हर्षचरित-----बाणभट्ट
20- पंचतंत्र------ विष्णू शर्मा
21- भारत भारती- मैथिलीशरण गुप्त
22- सत्यार्थ प्रकाश- दयानन्द सरस्वती
23- गुल- ए-नग्मा--फ़िराक गोरखपुरी
24- मधुशाला-- हरिवंशराय बच्चन
25- अनहैप्पी इण्डिया--लाला लाजपत राय